


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 227 | ग्वालियर, बुधवार, 7 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### ..लेकिन हम भीख नहीं मांगेंगे, जम्मू-कश्मीर में चुनाव पर बोले पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला



जम्मू कश्मीर चुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार (6 जून) को कहा कि ये लोगों का अधिकार है. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एनसी नेता उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में कहा, मैंने बार-बार कहा कि हम भूखे नंगे नहीं हैं कि हम इनके (केंद्र सरकार और चुनाव आयोग) सामने भीख मांगें कि इलेक्शन कराओ. चुनाव हमारा हक है. इनको (केंद्र सरकार) जम्मू कश्मीर के लोगों का हक छीनकर तसल्ली मिलती है तो करें.अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव आयोग को लोगों को बताना चाहिए है कि वो इलेक्शन क्यों नहीं करा पा रहा क्या चुनाव आयोग पर दवाब है अब्दुल्ला ने आगे कहा कि इलेक्शन कमीशन से सवाल किया जाना चाहिए है कि वो चुनाव कब करा रही हैअब्दुल्ला ने आर्मी कमांडर के बयान का हवाला देते हुए बताया कि उन्होंने कहा था कि ये सही समय नहीं है कि जम्मू कश्मीर से सेना हटाई जाए. मैं इससे सहमत हूं कि ये सही समय नहीं है. हम तो ये बात पहले से कह रहे हैं कि स्थिति सामान्य नहीं है. नेशनल कॉन्फ्रेंस ने वाइस प्रेसिडेंट अब्दुल्ला ने आगे कहा कि जम्मू कश्मीर में जी-20 बैठक यहां के हालात को छिपाने के लिए की जा रही है, लेकिन स्थानीय लोग सच जानते हैं. उन्होंने दावा किया कि हमें जहां जाने के लिए पहले पांच मिनट लगते तो अब वहां जाने के लिए 40 मिनट लग रहे हैं. इस कारण छात्र, कर्मचारी और मरीजों को काफी परेशानी हो रही है., नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भी रविवार (4 मई) को कहा था कि हमें इलेक्शन की जरूरत है क्योंकि कुछ अफसर और एलजी यहां के पूरा प्रशासन नहीं देख सकते. लोकतंत्र चुनी हुई सरकार में ही संभव है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार (5 जून) को विकार रसूल ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव नहीं कराकर उसने अघोषित आपातकाल लगाया हुआ है. हम मानते हैं कि पंचायत, डीडीसी और बीडीसी से लेकर हर स्तर पर चुनाव होने चाहिए. बता दें कि जम्मू कश्मीर में 5 अगस्त 2019 में 370 हटाई गई थी. इसके बाद से यहां इलेक्शन नहीं हो सका है.

### केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ 11 जून को, आप की महारैली, एक लाख से ज्यादा लोग जुटाने की कोशिश



दिल्ली सरकार की शक्तियों को लेकर केंद्र सरकार से लाए गए अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी महारैली करने जा रही है. पार्टी के मुताबिक इस महारैली में एक लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की कोशिश की जाएगी. ऐसे में ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस महारैली में लोग पहुँचे. इसके लिए पार्टी के नेताओं ने घर-घर जाकर लोगों से समर्थन माँगना भी शुरू कर दिया है. दिल्ली सरकार के दो बड़े मंत्री इस महारैली को लेकर मंगलवार 6 जून को डोर टू डोर कैम्पेन करते नजर आए. दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज इस कैंपेन के लिए ग्रेटर कैलाश विधानसभा के शाहपुर जाट इलाके में पहुँचे. यहाँ उन्होंने पर्चे बांटकर लोगों से इस रैली में शामिल होने की अपील की और साथ ही लोगों को इस अध्यादेश के बारे में जानकारी भी दी. इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार को लंबे अरसे से सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का इंतजार था. वो फैसला आखिरकार सरकार के हक में आया और दिल्ली सरकार के पास जो अधिकार होने चाहिए वो मिले, लेकिन केंद्र की सरकार ने इस अध्यादेश को लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही पलट के रख दिया. दरअसल केंद्र सरकार एक अध्यादेश लेकर आ गई, जिसने दिल्ली सरकार की सभी शक्तियों को छीनने की कोशिश की. अब इसी को लेकर हमारी लड़ाई जारी है एक तरफ पार्टी के राष्टीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी नेताओं से मिलकर इसके खिलाफ संसद में समर्थन जुटा रहे हैं. वहीं 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में इसको लेकर होने वाली बड़ी रैली में हम सरकारों को और पूरे देश में एक बड़ा संदेश देने की तैयारी भी कर रहे हैं. यही वजह है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए इस तरह से डोर टू डोर कैंपेन किया जा रहा है.


### केरल सरकार ने राहुल गांधी को दिए गए दो स्टाफ को वापस बुलाया,



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के कई महीनों बाद केरल सरकार ने अपने दो कर्मचारियों को मंगलवार (6 जून) को वापस आने का निर्देश दिया. न्यू इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, राहुल गांधी के वायनाड से सांसद रहने के दौरान उनके निजी सहायक रहे रतीश कुमार केआर और ड्राइवर मोहम्मद रफीसे आई कार्ड वापस देने को को कहा गया है. राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में सूरत कोर्ट ने इसी साल मार्च में दो साल की सजा सुनाई थी. इसके बाद 24 मार्च 2023 को लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से रद्द कर दिया था. इसके पीछे भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का हवाला दिया गया था. राहुल गांधी सदस्यता जाने को लेकर आए दिन केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे हैं. उन्होंने अमेरिका दौरे के दौरान कहा, राजनीति में आने के बाद कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा, लेकिन लगता है कि मुझे बहुच बड़ा अवसर मिला है.आगे कहा कि मैंने किसी से समर्थन नहीं ले रहा हूं. मेरी लड़ाई बहुत साफ है. मैं यहां आकर भारतीय छात्रों से बात कर रहा हूं लेकिन समझ नहीं आता कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा क्यों नहीं कर पा रहे.

# मणिपुर में उग्रवादियों से मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन जारी, गोलीबारी में एक जवान शहीद और दो घायल

मणिपुर में भड़की हिंसा कम होने का नाम नहीं ले रही है. सेना के अधिकारियों ने बताया कि 5-6 जून के दरमियान सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई. गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (क्चस्स्न) का एक जवान शहीद हो गया और असम राइफल्स के दो जवान गोली लगने से घायल हो गए. मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बल मणिपुर के सुगनू-सेरो में तलाशी अभियान चला रहे हैं. पीटीआई के मुताबिक, बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कुकी शरारती तत्वों ने सुबह करीब सवा चार बजे सेरौ प्रैक्टिकल हाई स्कूल में तैनात बीएसएफ जवानों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की. अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी के दौरान कांस्टेबल रंजीत यादव को गोली लग गई और उन्हें काकचिंग के 'जीवन अस्पताल' ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.बता दें कि, असम में चल रही हिंसा में अब तक 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी



है. जिनमें ज्यादातर मौतें गोली लगने से हुई हैं. सुरक्षाबलों को सरकार की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि जरूरत पड़ने पर वो उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकते हैं. इन सबके बीच मणिपुर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं. चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की तैनात किया गया है. लगातार हो रही हिंसा को देखते हुए इंटरनेट पर लगे बैन को आगे बढ़ा दिया गया है. अब 10 जून शाम 3 बजे तक मणिपुर में इंटरनेट पर पाबंदी जारी रहेगी.

## ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे के घायलों से मिलने पहुंचीं सीएम ममता बनर्जी, विवादों पर भी बोलीं

पश्चिम बंगाल की सीएम और पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी मंगलवार (6 जून) को कटक के अस्पताल में ओडिशा रेल हादसे के घायलों में मिलने पहुंची. इस भीषण रेल दुर्घटना में अब तक 278 लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है. घायलों से मिलने पहुंचीं ममता बनर्जी ने कहा, ÷अभी विवाद करने का समय नहीं है. हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द सच सामने आना चाहिए.÷उन्होंने आगे कहा, ÷ओडिशा और पश्चिम बंगाल सरकार मिलकर काम कर रही हैं. वे निन्शुल्क इलाज करा रही हैं. मैंने 100 एम्बुलेंस और 40 अफसरों को यहां भेजा है. पश्चिम बंगाल के 103 शवों की पहचान कर ली गई है और 97 लोगों का इलाज चल रहा है. 31 अभी लापता हैं.ममता बनर्जी ने कहा, ÷हादसे में जिनका हाथ पैर कटा है हम उनको नौकरी देंगे. साथ ही मृतकों के परिजनों को भी नौकरी



दी जाएगी. सीबीआई जांच पर कुछ नहीं कहना है. इतने लोग मारे गए हैं, सच्चाई सामने आनी चाहिए. अभी परिवारों को मदद करने का वक्त है.÷ इससे पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा और विशेष होमगार्ड की नौकरी देने की घोषणा की थी.बंगाल सरकार ने हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों को एक लाख रुपये, उनसे कम घायल लोगों को 50 हजार रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को 25 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया था. इससे पहले ममता बनर्जी ने रविवार को ट्रेन हादसे के संबंध में रेल मंत्रालय की ओर से दिए गए आंकड़ों पर भी सवाल उठाया था. तब उन्होंने कहा था, ÷अकेले उनके राज्य के ही 61 लोगों की मौत हुई है. अगर एक राज्य के ही 182 लोग लापता हैं और 61 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है, तो आंकड़े कैसे सही हैं.÷

### कहर बरपाएगा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय? जानिए किन-किन जगहों पर पड़ेगा असर

देश के तटीय इलाकों पर एक और चक्रवात का खतरा मंडरा रहा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार (6 जून) को कहा कि गुजरात में दक्षिणी पोरबंदर में दक्षिण-पूर्व अरब सागर पर कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ सकता है. इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है. इस तूफान को बिपरजॉय कहा जाएगा. बांग्लादेश की तरफ से ये नाम दिया गया है. मौसम विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि कम दबाव का क्षेत्र सुबह 8.30 बजे दक्षिण-पश्चिम गोवा से करीब 950 किलोमीटर, दक्षिण-दक्षिणपश्चिम मुंबई से 1,100 किमी, दक्षिण पोरबंदर से 1,190 किमी और पाकिस्तान में दक्षिण कराची से 1,490 किलोमीटर पर बना हुआ था

### इस महीने मिस्र के दौरे पर भी जाएंगे पीएम मोदी, 21-24 जून को हो सकता है अमेरिका का दौरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने मिस्त्र की यात्रा पर जा सकते हैं. विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अमेरिका के राजकीय दौरे से लौटते वक्त पीएम मोदी मिस्त्र का दौरा कर सकते हैं, अगर ऐसा होता है तो ये 14 वर्षों बाद किसी भारतीय पीएम का मिस्त्र दौरा होगा. सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा की भूमिका और चर्चा किए जाने वाले बिंदुओं पर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बातचीत हो रही है. भारत और मिस्त्र के बीच नजदीकी और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की कोशिश में 6 महीने के भीतर दूसरी बार दोनों देशों के नेताओं के बीच ये मुलाकात होने जा रही है.इस साल जनवरी 2023 में गणतंत्र दिवस परेड पर मिस्त्र के राष्टपति अब्देल फतह अल सीसी खास मेहमान थे, अपने इसी दौरे पर राष्टपति सीसी ने पीएम मोदी को काहिरा आने का न्यौता दिया था. अगर पीएम मोदी यहां के दौरे पर जाते हैं तो 2009 के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का मिस्त्र का दौरा होगा. विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी और जो बाइडेन दोनों देशों के बीच के कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं. इसके मुताबिक जो बाइडेन को कारोबार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान, लोगों के बीच संपर्क सहित साझा हितों से जुड़े अन्य द्विपक्षीय मुद्दों की समीक्षा करने का अवसर प्राप्त होगा.

### कोरोमंडल एक्सप्रेस को सीधा जाना था, फिर क्यों गई लूप लाइन पर? हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा



देश को झकझोर देने वाले ओडिशा रेल हादसे को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. इस दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट एबीपी न्यूज़ को मिली है, जो बालासोर रेल हादसे का सच बयां कर रही है. इस एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के अनुसार, इंटरलॉकिंग सिस्टम लूप लाइन पर सेट था और सिग्नल ग्रीन होने की वजह से ट्रेन आगे गई थी. ये रिपोर्ट पीएम मोदी को ब्रीफ की गई है. रिपोर्ट के अनुसार, कोरोमंडल एक्सप्रेस को सीधा जाना था, लेकिन इंटरलॉकिंग सिस्टम लूप लाइन पर सेट होने के कारण ये ट्रेन सीधे इसी लाइन में चली गई. इस रिपोर्ट में ट्रेनों की आवाजाही समेत पूरा ब्योरा दिया गया है. आपको इंटरलॉकिंग सिस्टम और सिग्नल के बारे में भी बताते हैं. सिग्नल ग्रीन होने के बावजूद अगर इंटरलॉकिंग सिस्टम सिग्नल के अनुरूप नहीं है बल्कि दूसरी दिशा में है तो इसका मतलब है कि इंटरलॉकिंग सिस्टम यहां टूट गया. ये गड़बड़ी कैसे हुई. क्या ये गड़बड़ी किसी तकनीकी खराबी के कारण थी या कोई मानवीय चूक है या कोई साजिश थी? ऐसे कई सवाल हैं.रेलवे का ऐसा मानना है कि उनका जो सिग्नलिंग का सिस्टम है उसमें ये चूक संभव नहीं है. पहले कभी ऐसे देखा नहीं गया कि सिग्नल अलग हो और इंटरलॉकिंग अलग बताता हो. ये सिस्टम बहुत मजबूत होता है. इस हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि ये हादसा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और और प्वाइंट मशीन में किए गए बदलाव के कारण हुआ

### दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में आई खराबी, रूस में हुई इमरजेंसी लैंडिंग



दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को एअर इंडिया फ्लाइट को मंगलवार को इंजन में खराबी के कारण रूस के मगदान की ओर डायवर्ट किया गया है. एअर इंडिया के अधिकारी ने कहा कि फ्लाइट रूस में सुरक्षित लैंड हो गई है.एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट्‌ढ्ढ173 के एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई. 216 यात्रियों और 16 चालक दल के साथ उड़ान को डायवर्ट किया गया और रूस के मगदान हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतारा गया.उन्होंने कहा कि यात्रियों को सभी सहायता प्रदान की जा रही है

## 9 जून को जंतर मंतर पर आंदोलन नहीं करेंगे किसान, राकेश टिकैत बोले- जब पहलवान कहेंगे तब...

भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने पहलवानों के समर्थन में 9 जून को जंतर मंतर पर आयोजित किया जाने वाला कार्यक्रम रद्द कर दिया है. किसान नेता राकेश टिकैत के मुताबिक, अभी इनकी बातचीत सरकार से और गृहमंत्री से चल रही है. इनके कहने पर हमने 9 जून को जंतर-मंतर पर होने वाला प्रदर्शन स्थगित कर दिया है. पहलवान आने वाले दिनों में आगे जो तारीख देंगे हम उसमें उनका समर्थन जरूर करेंगे.सोमवार को मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कहा गया था कि पहलवानों (बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक) ने देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी, हालांकि उनके बीच क्या बातचीत हुई इसके बारे में पता नहीं चल सका है. इस मुलाकात के बाद पहलवानों ने किसानों से रिक्वेस्ट करके कहा, अभी किसी भी तरह का आंदोलन नहीं किया जाए, उसके बाद राकेश टिकैत का यह बयान सामने आया है. हरियाणा के कुरुक्षेत्र में शुक्रवार को हुई एक महापंचायत में खाप नेताओं ने बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह शरण की गिरफ्तारी



की मांग की थी और सरकार को इस पर कार्रवाई के लिए नौ जून तक का समय दिया था. इसने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो किसान नौ जून को प्रदर्शनकारी पहलवानों को लेकर जंतर-मंतर जाएंगे. इससे पहले किसान संगठनों ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में भी खाप महापंचायत की थी.इसके बाद ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने रविवार को कहा था कि पहलवान जल्द ही अपनी खुद की एक महापंचायत करेंगे. हरियाणा में सोनीपत जिले के मुंडलाना में पहलवानों के समर्थन में सर्व समाज समर्थन पंचायत को संबोधित करते हुए पूनिया ने वक्ताओं से किसी भी निर्णय की घोषणा नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अगले 3-4 दिनों में पहलवान महापंचायत बुलाएंगे.

# शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग हुई शुरू, खास कंटेनर में सुरक्षित रखे जाएंगे शव

बालासोर ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले 100 से अधिक लोगों के शव अभी भी यहां के विभिन्न अस्पतालों के मुर्दाघरों में पड़े हैं क्योंकि उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है. इस बीच, भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने शवों की पहचान के लिए अपने रिश्तेदारों की तलाश कर रहे लोगों के डीएनए नमूने लेने शुरू कर दिए हैं. एक अधिकारी ने ये जानकारी दी. एम्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शवों की पहचान का दावा करने वालों में से अब तक 10 लोगों के डीएनए के नमूने लिए गए हैं. पहचान होने के बाद शवों को सौंपा जाएगा. उन्होंने कहा कि शवों को अब पांच कंटेनरों में रख दिया गया है, जहां उन्हें लंबे समय तक संरक्षित किया जा सकता है. अधिकारी ने कहा कि डीएनए नमूने लेने के बाद शवों को उचित लोगों को सौंपने या फिर उनका अंतिम संस्कार करने की अब कोई जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि उन्हें छह महीने तक कंटेनर में रखा जा सकता है. कुल 278 मृतकों में से 177 शवों की पहचान कर ली गई है जबकि अन्य 101 की पहचान कर उन्हें उनके परिवारों को सौंपा जाना



बाकी है. एम्स में करीब 123 शव आए थे, जिनमें से लगभग 64 की पहचान कर ली गई है. हालांकि कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जिनकी शव सौंपे जाने को लेकर शिकायतें हैं. झारखंड के एक परिवार ने आरोप लगाया कि उन्होंने सोमवार को उपेंद्र कुमार शर्मा के शव की पहचान की थी, लेकिन इसे मंगलवार को किसी और को सौंप दिया गया. इस परिवार के एक सदस्य ने कहा, ''अगर शव किसी और को सौंप दिया गया है तो डीएनए नमूना लेने का क्या मतलब है? हमने उपेंद्र के शरीर पर टैटू के निशान से उसकी पहचान की थी.'' हालांकि, एम्स के उपाधीक्षक डॉक्टर प्रवास त्रिपाठी ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद शवों को सौंपा जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह सही है कि एक से अधिक परिवार एक ही शव पर दावा कर रहे हैं और इसके लिए डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं.मृतकों में से अधिकतर पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के अलावा ओडिशा के रहने वाले हैं. इस बीच, तीन एजेंसियों केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) और जीआरपी, बालासोर ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है. इस हादसे में कम से कम 278 लोग मारे गए हैं.

# नगर निगम मेयर संजीव विजयवर्गीय ने भी यात्रा का किया स्वागत





माता पिता के सम्मान में संस्कार सेना की 51 दिवसीय माता-पिता सम्मान संकल्प भारत यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होते हुए छत्तीसगढ़ उड़ीसा से 5 जून को झारखंड की राजधानी रांची पहुंची नगर निगम महापौर श्री संजीव विजयवर्गीय से रेडिसन होटल मे मुलाकात की तो उन्होंने सम्मान करते हुए प्रशंसा की और कहा कि आज के युग में संस्कार सेना जो काम कर रही वह एक सराहनीय कदम है यात्रा टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं वही संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े ने श्री विजयवर्गीय का मैडल से सम्मान किया इसके पूर्व चौधरी धर्मशाला में मीटिंग रखी गई जिसमें उपस्थित जनों की सहमति से मनोज कुमार को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कियाइस अवसर पर संस्कार सेना की राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे मीडिया प्रभारी मिश्रीलाल कोहरे भगवान सिंह मीणा एवं संस्कार सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी सुरेंद्र प्रसाद चौधरी राजकिशोर हरे कृष्ण चौधरी आनंद जी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे सभी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार को बधाई दी

# पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पुष्पदार छायादार फलदार पौधारोपण किया

एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक वन अनुसंधान केन्द्र प्रभारी मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पुष्पदार छायादार फलदार पौधारोपण कियाइस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू सदस्य प्रीति आर्या ने संयुक्त रुप से कहा कि सर्वप्रथम लाभ तो वृक्ष शब्द से ही लगने लगता है इसलिए पर्यावरण और मानव का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है क्योंकि स्वस्थ जीवन और पृथ्वी ग्रह पर जीवन के अस्तित्व में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि हम सभी का भोजन हवा पानी और अन्य जरूरतें पर्यावरण पर ही निर्भर है क्योंकि अनेक वृक्षों के छाल बीज फल पत्ते कई प्रकार की दवाइयों में उपयोग किये जाते है जैसे की नीम के पत्तो को पानी मे उबालकर



नहाने से शरीर के रोग दूर होते है इसी प्रकार उसके डालियां दातुन के रूप मे उपयोग किया जाता है साथ ही बहुत से वृक्ष आयुर्वेदिक औषधि होने के साथ वातावरण को स्वच्छ एवं निर्मल रखकर प्राणदायक ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और वृक्षों के द्वारा मिलने वाले लाभों में वाहनों द्वारा उत्सर्जित धुएं और उद्योगों से निकलते प्रदूषण को वृक्षों की उपस्थिति के कारण काफी हद तक नियंत्रित कर वातावरण शुद्ध हो जाता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने पर्यावरण को बचाए रखकर उसकी रक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि बिना वृक्षों के हमको शुद्ध वातावरण प्राप्त नहीं हो सकता है इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिएइस दौरान पौधारोपण करने में संस्था संरक्षक रुपेन्द्र नागर अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मार्गदर्शक मदन बिष्ट हेमन्त कुमार साहू समाज सेविका योगिता बनोला रितिक साहू प्रीति आर्या केशव बोरा शिवम शर्मा अशोक कुमार बाल्मीकि नवल आर्या सूरज मिस्त्री पूजा आर्या सुशील राय दीपक कुमार रोहतास प्रजापति संदीप यादव मुकेश कुमार सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे

# विधानसभा आम निर्वाचन हेतु पूर्व तैयारी के संबंध में कलेक्टर द्वारा ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

## एफएलसी कक्ष में बिना पहचान पत्र के नही मिलेगा प्रवेश

**गुना/** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री फ्रेंक नोबल ए0 के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिये ट्रेनिंग अवेयरनेस ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी की एफ.एल.सी. (प्रथम स्तरीय जांच) बीईएल बैंगलुरू के इंजीनियरों द्वारा ई.व्ही.एम. सुपरवाईजर श्री मुकेश कुमार शर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुना की निगरानी में 07 जून 2023 को प्रातः 10:00 बजे से कार्य समाप्ति तक कलेक्टोरेट गुना स्थित ई०?हीएम वेयरहाउस के प्रथम/द्वितीय तल पर की जायेगी। इसकी पूर्व तैयारियों के संबंध में आज कलेक?टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस के प्रथम एवं द्वितीय तल पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण कर आवश?यक दिशा-निर्देश दिये गये। एफ.एल.सी. कार्य हेतु नोडल अधिकारी ईव्हीएम हेतु श्री संजय सोलंकी कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गुना तथा सहायक नोडल



अधिकारी ईव्हीएम हेतु श्री अनुराग जैन अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर श्रीमति जिला फातिमा, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस गुना एवं ईव्हीएम प्रभारी श्री गौतम श्रीवास्तव, सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय गुना श्री सुदेश सिण्डोस्कर तथा की ड्यूटी लगाये जाने के आदेश जारी किए गए हैं।07 जून को एफएलसी कार्य के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक राष्ट्रीय दल के अध्यक्ष/ सचिव/ प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मोबाइल फोन, कैमरा आदि लाने की अनुमति नही होगी। पहचान पत्र के लिए संबंधित अधिकारी/ कर्मचारियों को 06 जून को पासपोर्ट साइज फोटो कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलबध कराने के आदेश जारी किए गए हैं। इस दौरान सीसीटीव्ही कैमरों को ऑपरेट करके देखा गया। सभी कक्षों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग की जावेगी। एफएलसी हॉल में प्रवेश के समय ड्यूटी आर्डर/ परिचय पत्र बताने पर ही अनुमति मिलेगी। मुख्य द्वार तक ही मीडिया को प्रवेश मिल सकेगा। आज निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री आरबी सिण्डोस्कर, तहसीलदार गुना नगर श्री गौरीशंकर बैरवा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधानसभा बमोरी में विभिन्न कार्यो का मंत्री श्री सिसोदिया द्वारा शिलान्यास/ भूमिपूजन किया गया

## इस दौरान लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदाय किये स्वीकृति पत्र

### विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनों को मंत्री द्वारा भेंट किये तुलसी के पौधे

**गुना/** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा आज जिले का भ्रमण कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनांतर्गत लाड़ली बहनों को स?वीकृति पत्रों का वितरण सहित नौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली चार सड़कों का शिलान्यास किया। मंत्री श्री सिसोदिया द्वारा आज गृह विधानसभा बमौरी के अगरा में ग्राम अगरा से केदारनाथ धाम तक की 3.78 करोड़ रुपये लागत से 5.25 किमी लंबी, ग्राम पंचायत महोदरा के ग्राम ऊरईखता से ग्राम ताजपुर तक 2.30 करोड़ रुपये



की लागत से बनने वाली 3.55 किमी लंबी सड़क, हस्तिनापुर से विलोधा तक 196.59 लाख रूपये की लागत से 2.23 किलोमीटर का भूमिपूजन किया। आज भ्रमण के दौरान ग्राम अगरा, उरईखता, सकतपुर, नगदा, करीली, देवगढ तथा सिरसी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनांतर्गत लाड़ली बहनों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष?य में लाड़ली बहनों को भेंट स्वरूप तुलसी के पौधे दिये गये। मंत्री श्री सिसोदिया द्वारा ग्राम दिनोला में पेड़ की छाँव में लोगों की समस्याएँ सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद गुना श्री गौरव खरे सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हरे भरे कल के लिए किया गया पौधरोपण

**रीवा.।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। परिसर में बरगद, नीम, पीपल, आम, कंजी और सीताफल के पौधों को रोपा गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक , डॉ. संदीप भट्ट , रवि साहू, प्रशासनिक अधिकारी डॉ बृजेंद्र शुक्ल, अतिथि शिक्षक प्रदीप शुक्ला, राकेश येंगल,सुनील पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्रा, राजराखन कुशवाहा, नागेंद्र यादव, जितेंद्र साकेत, पुष्पेंद्र साकेत, राजेंद्र कुशवाहा विक्रांत साकेत, अच्छे लाल प्रजापति, सपना द्विवेदी अंकिता कुशवाहा, रेखा पांडेय सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# भूतकाल के अवसाद को मिटाकर वर्तमान में स्थित होना ही है - सहज योग

वर्तमान को दो ही लोग जीते हैं- योगी या भोगी। भोगी वो हैं जो सिर्फ और सिर्फ सांसारिक सुख के लिए जीते हैं। धन कमाना और विलासी जीवन जीना ही उनका उद्देश्य होता है। ??कालखंड में यदि समय का विभाजन करें तो सबसे कम समय हम वर्तमान में जीते हैं। वर्तमान को जीते समय भी यदि भूतकाल हावी रहे तो इसे वर्तमान में जीना नहीं कहेंगे। जैसे ही हम वर्तमान में जीना शुरु करते हैं, भविष्य से हम स्वयंमेव ही जुड़ जाते हैं?। वर्तमान ही हमारे भविष्य का निर्धारण करता है। भूतकाल की सफलता पर इतराते रहने मात्र से या असफलता पर खीजने ?से वर्तमान के साथ भविष्य भी दुष्कर हो जाता है। हमारी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए



यदि हम अपना दैनंदिन कार्य करेंगे तब इसे वर्तमान में स्थित होना कहा जायेगा। वर्तमान में स्थित रहने की कला यदि सीख लें तो हम योगी बनेंगे अन्यथा एक भोगी सा जीवन जीने को विवश होंगे। इसीलिए दार्शनिकों, विद्वानों, साधु-संतों ने कहा है अतीत को छोड़ो, वर्तमान को पकड़ो और भविष्य से अपने आपको जोड़ो।सिर्फ कुछ सालों का नहीं बल्कि जन्म जन्मांतरण के भूतकाल का दुष्प्रभाव हमारे अचेतन में विद्यमान रहता है, जो वर्तमान को बाधित करता है। भूतकाल के प्रभाव या दुष्प्रभाव से कैसे मुक्त हो, यही हम आपको बताना चाहते हैं। भूतकाल को छोड़ पाना सहज योग के माध्यम से बेहद आसान है। हमारे शरीर में स्थित तीन नाड़ियों में बाई ओर ईड़ा (भूतकाल की नाड़ी) , दाहिनी ओर पिंगला (भविष्य की नाड़ी) और मध्य में सुषुम्ना (वर्तमान की नाड़ी) है। इन नाड़ियों को बैलेंस करने में पंचतत्व हमारी मदद करते हैं। पंचतत्व की शक्ति का आभास सहज योग ध्यान से तत्काल हो जाता है। ईड़ा नाड़ी को धरती तत्व संतुलित करता है और हमें वर्तमान में स्थित कर देता है। कैसे इसे सीखने के लिए हमें आत्मसाक्षात्कार लेना होगा। अतः जल्द से जल्द सहज योग से जुड़े और स्वयं को भूतकाल के बंधन से मुक्त कर एक आनंददायक जीवन अंगीकार करे।सहज योग पूर्णतया निशुल्क है अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं

# एटा - थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता, ई-रिक्शा चोरी की 02 घटनाओं का सफल अनावरण, नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश,

## 6 अभियुक्त चोरी के 4 ई-रिक्शा, 14 ई-रिक्शा बैटरी, 1 ई-रिक्शा कटा, 1 मोबाइल फोन तथा औजार कीमत करीब 7 लाख रुपए सहित गिरफ्तार।

### घटना-1

वादी श्री मतीन पुत्र मौ0 शमशाद निवासी शीशग्रान कस्बा व थाना मारहरा एटा द्वारा थाना मारहरा पर सूचना दी गई कि दिनाँक 02.06.2023 को उनके पिता मौ0 शमशाद पुत्र दीदार बक्स कस्बा मारहरा स्थित हैदरी चैक से अपनी टिर्री में अज्ञात व्यक्ति को बिठाकर मिरहची की तरफ ले गए थे, बाद में वादी के पिता बेहोशी की हालत में ग्राम नूरपुर के पास बाग में मिले हैं, सवारी के रूप में बैठे व्यक्ति उनके पिता को बेहोश करके टिर्री चुरा ले गए हैं, इस सूचना पर थाना मारहरा पर मुअसं0- 89/2023 धारा 328, 379 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

### घटना-2

वादी श्री रामनरेश पुत्र रामसेवक ग्राम भुरगवा थाना मारहरा एटा द्वारा थाना मारहरा पर सूचना दी गयी कि दिनांक 08.05.2023 को रेलवे स्टेशन मारहरा से समय करीब 08:00 बजे रात्रि में तीन सवारी लेकर वह ई-रिक्शा से मिरहची जाते समय रास्ते में सराय बूले खाँ के पास रुककर पेशाब करने लगे, तभी ई-रिक्शा में बैठे तीनों लोग उनका ई-रिक्शा तथा उनका कीपैड का मोबाइल चोरी करके भाग गये इस सूचना पर थाना मारहरा पर मुअस0- 93/2023 धारा 379 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तारी तथा अनावरण -

दिनांक 05.06.2023 को थाना मारहरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोगों में वॉछित चल रहे 06 शातिर ई-रिक्शा चोरों को ग्राम चिलासनी थाना कोतवाली देहात एटा से समय करीब 11.00 बजे चोरी किए गए 04 ई-रिक्शा, 14 ई-रिक्शा बैटरी, 01 कटा हुआ ई-रिक्शा, 01 चोरी किया गया मोबाइल तथा ई-रिक्शा काटने के औजारों सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा प्रकाश में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

### मुख्य बिन्दु-

1. अभियुक्त शातिर किस्म के बदमाश है जिनका एक संगठित अंतर्जनपदीय गिरोह है।
2. अभियुक्तों द्वारा मिलकर योजनाबद्ध तरीके से ई-रिक्शा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।
3. अभियुक्त विजय, रेशमपाल, धारा तथा चंदन ई-रिक्शा किराए पर करते थे और ई-रिक्शा चालक को खाने-पीने की चीजों (कोल्डड्रिंक आदि) में नशे की गोली आदि मिलाकर बेहोश कर देते थे।



4. ई-रिक्शा चालक के बेहोश हो जाने के बाद चालक को वहीं सड़क के किनारे फैंक कर ई-रिक्शा को चोरी कर ले जाते हैं।
5. चोरी किए गए ई-रिक्शा को चिलासनी गाँव में ले जाकर कालीचरन उर्फ करु, बबलू, सतेन्द्र को देते थे जो ई-रिक्शा को मोडीफाई करने व रंग रूप बदलने के लिये हृदेश को दे देते थे।
6. हृदेश ई-रिक्शा का रंग रूप बदलकर चोरी की गयी ई-रिक्शा करू, सतेन्द्र व बबलू के माध्यम से बेच देता था।
7. ई-रिक्शा की बिक्री से प्राप्त रुपयों को अभियुक्त आपस में बांट लेते थे।
8. अभियुक्त चन्दन और रेशमपाल भाई है, सुनील रेशमपाल का साढू है। जब विजय, धारा व रेशमपाल ई-रिक्शा चोरी करते थे तो सुनील मोटर साइकिल से उनके पीछे रहकर उन्हें आगाह कर देता था।
9. ई-रिक्शा का कोई रजिस्ट्रेशन न होने के कारण पकड़े जाने का कोई डर नही रहता था।

### बरामदगी-

1. 04 ई-रिक्शा
2. 01 कटा ई-रिक्शा
3. 14 ई-रिक्शा बैटरी
4. खुर्द बुर्द करने के औजार
5. 1 चोरी किया गया मोबाइल

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम पता-

1. विजय पुत्र मोतीराम निवासी खोजपुर थाना मिरहची एटा हाल पता नगला मानसिंह विजय लॉज शमसान घाट के पास थाना गाधीपार्क अलीगढ उम्र करीब 48 वर्ष (चोरी करना)
2. चन्दन पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम बादरी थाना अकराबाद जनपद अलीगढ हाल पता नगला मानसिंह विजय लॉज, थाना गाधीपार्क अलीगढ उम्र करीब 35 वर्ष (चोरी करना)
3. हृदेश पुत्र कोमल सिंह निवासी चिलासनी थाना कोतवाली देहात एटा उम्र करीब 32 वर्ष (मोडीफाइड करना)
4. कालीचरण उर्फ करन उर्फ फूलसिंह पुत्र चन्दन सिंह निवासी चिलासनी थाना कोतवाली देहात एटा उम्र करीब 50 वर्ष (खरीदने का कार्य)
5. सतेन्द्र पुत्र पातीराम निवासी चिलासनी थाना कोतवाली देहात एटा उम्र करीब 42 वर्ष (खरीदने का कार्य)
6. बबलू पुत्र जीवाराम निवासी चिलासनी थाना कोतवाली देहात एटा उम्र करीब 32 वर्ष (खरीदने का कार्य)

प्रकाश में आए अभियुक्तों का नाम पता-

धारा उर्फ राजीव का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं0- 435/17 धारा 18/22 एनडीपीएस एक्ट थाना गांधी पार्क अलीगढ
2. मुअसं0- 35/22 धारा 392, 411 भादवि थाना महुआ खेडा अलीगढ

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. थानाध्यक्ष मारहरा श्री सत्यपाल सिंह
2. उ0नि0 वीरपाल सिंह मय
3. उ0नि0 अनिल यादव
4. उ0नि0 अफसर खान
5. है0का0 प्रदीप कुमार

# ,संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय से जांच के लिए चले पत्र, जिला मुख्यायुक्त तक, जमीन खा गई या आसमान निगल गया

ऑल ह्यूमंस सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन की शिवानी जैन एडवोकेट डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ ने बताया की शिक्षा निदेशक कार्यालय से जारी जांच के लिए सैकड़ों पत्र जैसे कि फर्जी नियुक्ति प्रकरण में जांच, बीएड पंच दिवसीय शिविर में प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जांच, प्री एएलटी प्रशिक्षण में अनुमति क्यों नहीं, डॉक्टर कंचन जैन की 3 मार्च 2020, 14 दिसंबर 2021, 1 सितंबर 2022 की संस्तुति की फाइलें गायब करके किसी अन्य की फाइल लगाना, जिला संगठन आयुक्त गाइड पद पर सरकारी प्रधानाचार्य प्रवक्ता को नियम विरुद्ध नियुक्त करना। सरकारी प्रधानाचार्य प्रवक्ता को (डॉ शुभिका राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कलाई) को प्राइवेट एनजीओ में कार्य करने के लिए सरकारी रिलीविंग एवं अन्य सुविधाएं सरकारी वेतन एवं महाविद्यालयों से मानदेय भी एक ही समय में ।किस उत्तर प्रदेश शासनादेश के तहत दी गई, सरकारी राजस्व की हानि एवं बच्चों की पढ़ाई का नुकसान का जिम्मेदार कौन, अपनी आय बढ़ाने के लिए ग्रामीण छात्राओं को राम भरोसे छोड़कर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता प्रधानाचार्य महाविद्यालयों में नियम विरुद्ध प्राइवेट एनजीओ में कार्य करते हैं, एक ही समय में उत्तर प्रदेश सरकार के किस शासनादेश के तहत, दिनांक 9 मई 2023 के घटनाक्रम की जांच, उसी दिन कार्यकारिणी बैठक की जांच (जिला आयुक्त



स्काउट ने बताया) , वित्तीय अनियमितताओं की जांच, अनुशासनहीनता की जांच, अविधिक कृत्यों की जांच, 28 अगस्त 2022 में स्टीकर वापस, बिके हुए के ?50 जमा रसीद मौजूद तो भी 25 मई 2023 में वित्तीय अनियमितता, अनुशासन हीनता,अविधिक कृत्य लिखे 25 मई 2023 के पत्र में बिना किसी साक्ष्य के, जबकि जिला सचिव श्री डालेश काकंरान प्रधानाचार्य तलेसरा इंटर कॉलेज तलेसरा, डॉक्टर इंदू सिंह जिला आयुक्त गाइड प्रधानाचार्य टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज, जिला आयुक्त स्काउट श्री अंबुज जैन प्रधानाचार्य बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज अलीगढ़ के कार्यकाल की जांच, रिकॉर्ड की जांच, श्री जफरुद्दीन, श्री कुलदीप सक्सेना के समक्ष श्रीमती ज्योति भार्गव ने रिसीव किया और उन्होंने अधिकारियों को सूचना नहीं दी तो फिर श्री डालेश काकंरान, डॉक्टर इंदू सिंह, श्री अंबुज जैन, श्री कुलदीप सक्सेना, श्री जफरुद्दीन, श्रीमती ज्योति भार्गव पर वित्तीय अनियमितता, अनुशासनहीनता, अविधिक कृत्य जैसे गंभीर आरोपों पर जांच की जाए और कड़ी कार्यवाही की जाए, क्योंकि डॉक्टर कंचन जैन को वर्षों से इसी तरह मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। दिनांक 9 मई 2023 में कार्यकारिणी की बैठक बताई गई, सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग निकलवा कर उस घटनाक्रम की भी जांच की जाए।जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय से पत्र संख्या 430 31 दिनांक 25 अप्रैल 2023 में भेजी गई जांच जिला मुख्य कार्यालय पहुंची तो सही मगर उसके साथ लगे सैकड़ों प्रार्थना पत्र सहित कहां गायब हो गए धरती खा गई आसमान निगल गया लेकिन अभी तक पत्र नहीं मिले हैं।विश्वसनीय सूत्रों से है ज्ञात हुआ है कि भारत स्काउट गाइड के रिकॉर्ड सहित सरकारी रिकॉर्ड भी नहीं मिल रहे हैं। खोजबीन जारी है।

**शिवानी जैन एडवोकेट**
**डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ**

# केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंचाकर लाभ दिलाएं : कमल पटेल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद (भिण्ड)। भारतीय जनता पार्टी गांव गरीब किसानों की पार्टी है यह देश गरीब मजदूरों का है कमलनाथ की 15 माह की कांग्रेस की सरकार ने किसानों से झूठ बोलकर सरकार बनाई थी कि हम किसानों के दो लाभ भी कर्जा माफ करेंगे रंग-बिरंगे फार्म भरा कर झूठ बोलने का कार्य किया एक भी किसान का कर्जा माफ नहीं हुआ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा डिफाल्टर किसानों के ब्याज भरने का काम हमारी सरकार ने किया कांग्रेस के पास ना तो कोई विकास का वजन है ना कोई नीति है और ना ही संगठन है गुटबाजी चरम सीमा पर है मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और फिर भारत और प्रदेश आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा यह बात मध्य प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री कमल पटेल ने गोहद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाराहेट में आयोजित किसान मोर्चा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों के विकास की चिंता की जिन्होंने सर्वप्रथम गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से अच्छी से अच्छी सड़कें बनाने का काम किया किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर किसानों को लाभ दिलाया फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया सिंचाई के लिए नदियों जोड़ योजना के तहत किसानों के खेत में पानी डालने का काम किया यह हमारी सरकार है। केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों के विकास के लिए कई हजार एकड़ बजट की गति देकर उनके विकास की चिंता की है

कृषि मंत्री कमल पटेल ने कांग्रेस दिग्विजय सिंह की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह की सरकार थी उस समय सड़क और बिजली की हालत बहुत खराब थी डामर और गिट्टी और सड़क खा गए और बिहार की लालू यादव की सरकार ने पशुओं का चारा खाया । उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश 29000 मेगावाट बिजली मिलती थी हमारी भाजपा सरकार ने 25000 से अधिक मेगावाट बिजली को पूरे प्रदेश में उत्पादन करने का काम किया है 45000 हेक्टर सिंचाई का रकबा बढ़ाकर किसानों के खेत में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के सिंचाई के लिए उनके खेत में पाइप लाइन डालकर सीधे किसानों में पानी पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस पर अब किसान कभी विश्वास नहीं करेगा कि उन्होंने 2018 में पहले ही झूठ बोलकर किसानों को ठगने का काम किया।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने मात्र छिंदवाड़ा में ही अपने पुत्र नकुल नाथ को संभालने में लगे रहे और प्रदेश के विकास की चिंता नहीं की । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के धोखे बाजो को सबक सिखा कर उनको करारा जवाब किसान मोर्चा के कार्यकर्ता देकर




किसान हितैषी योजनाओं के माध्यम से किसानों को जागृत करें और उन्हें लाभ दिलाएं ताकि योजना का लाभ लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने 9 वर्ष की उपलब्धियों के साथ हर गरीब मजदूर और किसानों को एक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रति माह 2000 केंद्र सरकार से और 4000 मध्य प्रदेश की सरकार से ? 10000 की राशि प्रदेश के किसानों के खेत में सीधी पहुंचाने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अभी महिलाओं के सशक्तिकरण को मजबूती देने के लिए लाडली बहना योजना प्रारंभ की है जो 10 जून से उनके खातों में ?1000 की राशि पहुंचाई जाएगी यह हमारी मातृशक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और हमारी ताकत को मजबूती प्रदान करें वहीं उन्होंने कांग्रेस द्वारा नारी शक्ति योजना के माध्यम से फार्म भरा कर उनको भी भ्रमित कर रही है मेरी मातृशक्ति कांग्रेस के झूठे वादों में हम ना आकर भारतीय जनता पार्टी को 2023 के विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देकर के भारतीय जनता पार्टी को सेवा करने का अवसर प्रदान करें। भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने कहा किसानों में छूट का भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस को गांव गांव जाकर उनकी खामियों को उजागर करें और किसानों के बीच में फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाने का काम करें।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का मजबूत, संगठन है, किसान हितैषी योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाने का काम पूरी ईमानदारी पराकाष्ठा के साथ कर रहे हैं चुनाव में किसान मोर्चा की भूमिका होगी इसके लिए गांव-गांव जाकर किसानों को जागृत करेंगे।

किसान सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री पटेल प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह का गोहद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी माला पहनाकर और उनको तलवार भेंट कर साल और श्रीफल के साथ सम्मान। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट राघवेंद्र सिंह गौरव एवं आभार व्यक्त गोहद ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह कौरव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। किसान मोर्चा के नीति एवं शोध के जिला संयोजक रिटायर्ड के विस्तार अधिकारी डॉ राम लखन मिश्रा ने किसान सम्मेलन में किसानों को जैविक एवं प्राकृत खेती के बारे में बताया।।किसान सम्मेलन में किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री परसोत्तम शर्मा ग्वालियर जिला अध्यक्ष गिरिराज व्यास, महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सम्मेलन प्रभारी, मंडल अध्यक्षों में विवेक जैन गोहद नगर, जिला मंत्री सत्यवान सिंह गुर्जर, गजेंद्र सिंह सिंह कौरव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में अंजनी कुरचेनिया,रघुवीर सिंह पवैया,कुरचेनिया संतोष सिंह मसूरी, संजीव चौधरी, दीपक सिंह तोमर गोपाल सिंह कुशवाह हरप्रीत सिंह कौर देवेंद्र गॉड अशोक सिंह गुर्जर रामप्रकाश कटारे पर्वत सिंह जादौन सतीश सिंह सिकरवार मंचासीन रमेश सिंह भदौरिया महेंद्र सिंह कुशवाहा, रविंद्र सिंह तोमर, आसाराम कुशवाहा, अवनीश त्रिपाठी रायसिंह नरवरिया विजय सिंह कुशवाह आनंद त्रिपाठी महेश गौरव बहादुर सिंह कौरव कालीचरण सिंह तोमर सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सह संयोजक सरदार हरबंस सिंह रवि भदौरिया पुष्पेंद्र सिंह राजावत भारौली, भूपेंद्र ओझा प्रमुख रूप से मंचासीन थे

## ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष शैलू ने भरवाए नारी सम्मान फार्म

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष शैलू कौशल ने कहा कि कमलनाथ का वादा,हर माता बहन को मिले उसका हक़ सभी महिलाओं को मिले। कांग्रेस युवा नेता शैलू कौशल ने नारी सम्मान योजना के सैकड़ों फार्म भरवाए । नारी सम्मान योजना के 1500 रुपये महीना और 500 रुपये का सिलेंडर दिया जायेगा। अभियान की शुरुआत भिंड विधानसभा के ग्राम लक्ष्यीराम का पुरा खारिका धजे का पुरा के पुरानी रेशम मिल में माताओं - बहनों के सैकड़ों फॉर्म भरवाए।

## अटेर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी फिर बढ़ेगा विकास : डॉ अरविंद भदौरिया

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने दो दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंहुढ़ा आगमन एवं अकोडा सिहुडा मार्ग से सिंहुढ़ा साहडाडा मार्ग लम्बाई 1.74 कि.मी. लागत 103.98 लाख का भूमिपूजन सीएम राइज स्कूल का भूमिपूजन लागत3300.11 लाख,कनावर कनावर चौरेला मार्ग से छूछरी कदम खंडी माग लम्बाई 2.00 कि.मी. लागत 143.39 लाख का भूमिपूजन

**कोशिकी मार्शल आर्ट का अंतरराष्ट्रीय सेमिनार संपन्न**

## तनवी महेंद्र पटेल बनी कोशिकी मार्शल आर्ट खेल की अंतरराष्ट्रीय रेफरी

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

जापान की युद्ध कला और सारे विश्व में तेज गति से प्रसार और प्रसिद्धी पा रही आत्म- सुरक्षा की क्रीडाशैली कोशीकी मार्शल आर्ट के अंतरराष्ट्रीय रेफरी ( निर्णायक ) सेमिनार का सफल आयोजन 3 एवं 4 जून 2023 को नागपूर के डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर क्रीडा स्थल मे किया गया। ऑल इंडिया कोशीकी फेडरेशन एवं कोशीकी मार्शल आर्ट असोसिएशन महाराष्ट्र के संयुक्त तत्वधान मे आयोजित इस दो दिवसीय कोशीकी सेमिनार में 92 मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों ने भाग लिया। महाराष्ट्र मे पहली बार इस प्रकार के खेल के सेमिनार का अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन करना नागपूर के लिए गर्व की बात थी। वर्ल्ड कोशीकी फेडरेशन के महासचिव ग्रँडमास्टर ताज मोहम्मद एवं कतर के कोशीकी फेडरेशन के अध्यक्ष ग्रँडमास्टर मुस्तफा अली खुर्रम ने प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बखुबी निभाई। उन्होने कोशीकी खेल की रचना, तकनीक, स्पर्धा के नियम एवं खेल की अन्य बारिकियों से प्रशिक्षको को अवगत कराया।इसी कड़ी में उक्त आयोजन में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की लांजी तहसील के ग्राम दहेगांव निवासी महेंद्र चमरुलाल पटेल की बेटी कु. तनवी महेंद्र पटेल एकमात्र भारतीय लड़की रही जिसने कोशिकी खेल की अंतरराष्ट्रीय रेफरी परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की।वर्ल्ड कोशीकी फेडरेशन के महासचिव ग्रँडमास्टर ताज मोहम्मद एवं कतर के कोशीकी फेडरेशन के अध्यक्ष ग्रँडमास्टर मुस्तफा अली खुर्रम ने उसे प्रमाणपत्र देकर संमान्नित किया। उसकी इस उपलब्धि पर सभी स्तर से उसकी प्रसंशा हो रही है। तन्वि ने अपनी सफलता का श्रेय उसके मार्शल आर्ट प्रशिक्षक और महाराष्ट्र कोशिकी के अध्यक्ष युगांत उगले तथा अपने माता-पिता को दिया है।ज्ञात हो कि इसके पूर्व कोशिकी प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन नागपूर महानगरपालिका के क्रीडा अधिकारी डॉक्टर पियुष आंबुलकर ने किया था, इस अवसर पर प्रसिद्ध उद्योगपती एवं राष्टपती पुरस्कार प्राप्त जयसिंग चव्हाण, महाराष्ट्र कौन्सिल ऑफ स्पोर्ट्स अँड एज्युकेशन के अध्यक्ष रोशन शर्माजी, समाजसेवी सचिन लिमसेजी, दर्पण पत्रकार फाउंडेशन के सुशील पांडे एवम सचिन तिवारी, पोलीस टाईम 24 के राजेंद्र पाठक, अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाडी एवं प्रशिक्षक शिहान सुरेंद्र उगले, कोशिकी महाराष्ट्र के महासचिव योगेश चव्हाण प्रमुखता से उपस्थित थे।




**विदेशों में रेफरी की भूमिका में नजर आएंगी तनवी महेंद्र पटेल**–कोशिकी खेल की अंतरराष्ट्रीय रेफरी परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने के पश्चात अब तनवी विदेशी धरती पर किकबॉक्सिंग एवं जुड़ो कराटे प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में नजर आएंगी। महज 15 वर्ष की आयु में किकबॉक्सिंग एवं जुड़ो कराटे स्पर्धा में अब तक 12 गोल्ड मैडल तनवी महेंद्र पटेल ने अपने नाम किया है।

**समाज, क्षेत्र के बाद अब देश का नाम रोशन करेंगी तनवी महेंद्र पटेल**–लांजी की भुमि में जन्मी पली बढ़ी तनवी पटेल मुलतः ग्राम दहेगांव निवासी महेंद्र पटेल की द्वितीय पुत्री है। तनवी के पिता ग्राम पंचायत दहेगांव के सरपंच एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट के वाइस चेयरमैन रह चुके हैं और वर्तमान में पंवार समाज के अध्यक्ष तथा जनपद पंचायत लांजी के क्षेत्र क्रमांक 13 से जनपद सदस्य भी हैं। तनवी पटेल दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर नीट की तैयारी नागपुर से कर रहीं हैं। तनवी महेंद्र पटेल ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित किकबॉक्सिंग स्पर्धा में अब तक 16 मैडल हासिल कर लिया है जिनमें 12 गोल्ड मेडल, 2 कांस्य पदक 2 रजत पदक हासिल कर परिवार समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। और अब कोशिकी खेल की अंतरराष्ट्रीय रेफरी परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने के पश्चात अब तनवी विदेशी धरती पर किकबॉक्सिंग एवं जुड़ो कराटे प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में नजर आएंगी। तनवी की इस उपलब्धि पर परिजनों, सगे संबंधियों, रिस्तेदारो, सामाजिक बंधुओ एवं क्षेत्र के लोगों ने बधाइयां प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी नाम रोशन करें ऐसी शुभकामनाएं दी हैं।

## थाना मौं जिला भिण्ड पुलिस द्वारा फायर कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियो को मय 315 बोर बन्दूक व 315 बोर की अधिया तथा जिन्दा राउण्ड सहित किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जॉन श्री सुशान्त सक्सेना एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन मे श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री आर. के. एस राठौर एवं थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव के मार्ग दर्शन में थाना मौ के अपराध क्रमांक 134/2023 धारा 308.34 भादवि के आरोपीगण ध्रुव पुत्र संजीव सिंह गुर्जर उम्र 25 साल एवं विजय सिंह पुत्र दिलीप



सिंह गुर्जर उम्र 22 साल निवासीगण ग्राम गिरगांव थाना मी जिला भिण्ड (म.प्र.) को आज दिनांक 06/06/2023 को ग्राम गिरगांव से गिरफ्तार कर उक्त आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर की बन्दूक और एक 315 बोर की अधिया व 02 जिन्दा राउण्ड तथा एक मिस राउण्ड जप्त किया जाकर माननीय न्यायालय गोहद मे पेश किया गया है।

**सराहनीय भूमिका**

- उक्त सराहनीय कार्य में पुलिस धाना मो के निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, उनि) अजय यादव, उनि अरविन्द सिंह यादव, उनि प्रवेन्द्र सिंह, सउनि0 विनोद कुमार प्र. आर 398 इरशाद अली, प्र. आर. 308 पान सिंह, आर 897 सत्यप्रतार, आर 470 रंजीत, आर 699 सुभाष, आर 1091 जहीर मोहम्मद, आर 930 ओमवीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

## भगवानपुरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत धुलकोट के नया भिलवा में पिने की पानी की समस्या काफी गंभीर बनी हुई है

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

ग्राम पंचायत धुलकोट के सरपंच सालकराम किराडे द्वारा आज खरगोन कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर जन सुनवाई में आवेदन देकर पिने के पानी की समस्या गंभीर होने की समस्यायों से कलेक्टर को अवगत कराया गया नया बिलवा में शासन प्रशासन के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से पिने की पानी की टंकी पाइप लाइन डाल दी गई लेकिन नया बिलवा की आबादी करीब 4000 हजार की है लेकिन पर्याप्त पिने का पानी नहीं मिल




रहा है शासन के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली पिने की पानी की टंकी पाइप से तो डाल दिया गया लेकिन शुरू में दो चार छह दिन पानी मिला था जो इन्होने टेस्टिंग किया गया था उसके बाद आज दिनांक तक नया बिलवा वालो को पर्याप्त पिने का पानी नहीं मिल रहा ग्राम पंचायत धुलकोट सरपंच सालकराम किराडे द्वारा ग्रामीणों को लेकर खरगोन कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर जनसुनवाई में आवेदन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया अब देखना यह की इस भिषण गर्मी में नया बिलवा वालो को कब तक पिने का पानी मिलेगा जिस विभाग ने पानी की टंकी पाइप लाइन डाल ओर बनाई गई उस विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है

**एसपी ने किया 21 नकबजनी व चोरियों का खुलासा,अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार**

## 24 लाख रुपये के सोने चाँदी के आभूषण एवं एक लाख पचास हजार रूपये नगद किये गए बरामद

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे के निर्देशन मे एवं एसडीओपी अवनीश बंसल अनुभाग लहार के मार्गदर्शन में थाना लहार टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर से चोरी करने वाले शातिर चोर किया गिरफ्तार एवं उसके कब्जे से किया सोने, चाँदी व नगदी बरामद ।दिनाँक 31/05/2023 को दौराने अपराध विवेचना कस्बा लहार में पहुँचा तो जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति काले रंग का पेन्ट काले रंग की टी शर्ट व बड़े बाल, दाढी बोला भाटनताल के पास सुलभ शौचालय के सामने चोटी का संदेठी दोन प्रतीत होता है,जिसकी तस्दीक हेतु रवाना होने से पूर्व थाने में पदस्थ आर. 48 जय कुमार को जरिये फोन तत्काल अपने पास आने को बताया जो उपस्थित हुआ बाद हमराह स्टॉफ मुखबिर सूचना तस्दीक हेतु भाटनताल सुलभ शौचालय के सामने पहुँचा तो एक व्यक्ति जो काली टी शर्ट,हल्की काले रंग की पेन्ट, बड़े बाल, दाढी वाला दूर खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को अपनी ओर आता देख भागने लगा। तभी हमराह स्टॉफ के व्दारा उक्त व्यक्ति को घेरकर पकड़कर उसका नाम, पता पूछा तो उसने अपना नाम राजू उर्फ रफीक पुत्र स्व. वाती उर्फ वफाती कुरेंशी उम्र 27 साल निवासी खटीकान मोहल्ला वार्ड नं. 12 जिला जालौन (उ.प्र.) हाल वार्ड नं.06 कस्बा लहार में मकान मालिक मोमीन के मकान में किराये से रहना बताया। उसके बाद कपडे गये व्यक्ति से हमराह स्टॉफ के समक्ष हिकमत अमली




से पूँछताछ कर मौके पर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम का मेमोरेण्डम समक्ष पंचान के लेख किया जिसने स्वेच्छा से अपने मेमो मे लेख कराया कि मै पिछले करीब 05-06 महीने से कस्बा लहार मे रात्री के दौरान लोगो के घरों में घुस कर चोरी कर रहा हूँ। इस दौरान मैने कस्बा लहार मे मढ्यापुरा / मझतौरा मोहल्ला टी. व्ही. एस वाली गली मे सबसे पीछे बने बगल वाले मकान में, तथा कस्बा लहार में उपाध्याय गार्डन के पास, रावत मोहल्ला, साधुबाबा चौराहा, मारवाडी बाग, पुरानी गल्ला मंडी, जनपद के सामने कुल करीब 12-13 घरों में चोरियाँ की है। जिसमे मिला मशरूका सोने, चांदी के जेवरात व कुछ नगदी जिसकी गिनती मैने नहीं की है मैने ले जाकर उ.प्र. मे रोड किनारे पेड़ के नीचे छुपा कर रख दिया है चलो चल कर बरामद करा देता हूँ बाद आरोपी राजू उर्फ रफीक पुत्र स्व. वाती उर्फ वफाती कुरैशी उम्र 27 साल निवासी खटीकान मोहल्ला वार्ड नं. 12. जिला जालौन (उ.प्र.) हाल वार्ड नं.06 कस्बा लहार में मकान मालिक मोमीन के मकान को समक्ष पंचान के विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया बाद आरोपी राजू उर्फ रफीक की निशादेही में चोरी गया माल आरोपी के बताये स्थान से कुल 24,00000 के सोने, चाँदी के आभूषण एवं नगदी 1,50000 /- रूपये बरामद किये गये। भक्ति

**सराहनीय भूमिका**

- निरीक्षक वरुण तिवारी,उपनिरीक्षक मदन सिंह, का. सहायक उपनिरीक्षकों में , प्रभाशंकर उपाध्याय, का. प्रधान आरक्षकों में प्रेम सिंह,राजेन्द्र सिंह, रामराज सिंह गुर्जर मनोज कुमार,आरक्षकों में दीपेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह,अरविन्द भदौरिया, विशाल भदौरिया, जय कुमार,मनीष जादौन, रविकान्त शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सेवनिया एवं नाथू बरखेड़ा में किये गये निर्माण की जांच की जाए :डॉ. गोविन्द सिंह**

# भोपाल के प्रस्तावित मास्टर प्लान की आड़ में सरकार धंधा करेगी एवं फॉरेस्ट सिटी का एरिया घोषित करने से लाखों किसान हो जाएगें बेरोजगार

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा है कि भोपाल का प्रस्तावित मास्टर प्लान भोपाल की जनता के साथ धोखा है। प्रस्तावित मास्टर प्लान में कोलार एवं रातीबड़ के बीच की भूमियों के बड़े भाग को सिटी फॉरेस्ट एरिया घोषित किया गया है। सिटी फॉरेस्ट क्षेत्र में किसान खेती बाड़ी नहीं कर सकते है और न ही किसी प्रकार व्यावसायिक गतिविधियां/ निर्माण नहीं कर सकते है। इसी तरह से रायसेन रोड़ पर प्रस्तावित मास्टर प्लान में भूमि का बहुत बड़ा हिस्सा सिटी फॉरेस्ट कर दिया गया है जिससे लाखों किसान खेतीबाड़ी करने से वंचित होकर बेरोजगार की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि मास्टर प्लान में आर- 4 रेसीडेन्स जनरल (आवासीय सामान्य) में एफएआर में 0.25 निर्माण की परमिशन रहेगी। यानी 75 प्रतिशत भूमि बेकार हो जाएगी। एफएआर में निर्माण के अतिरिक्त निर्माण करने पर सरकार से फ्लोर एरिया रेसीडेंस जमीन का अनुपात निर्माण करने का अधिकार खरीदना पड़ेगा। प्रस्तावित मास्टर प्लान में ग्राम सेवनिया को जो कि बड़े तालाब से लगा हुआ है, उसका कुछ भाग आवासीय प्रस्तावित है एवं ग्राम बरखेड़ा नाथू के फार्म हाउस में किया गया निर्माण अवैध है। उसकी जांच होनी चाहिए जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि मास्टर प्लान में हेराफेरी की साज़िश की गई है और उसके लिए कौन जिम्मेदार है ? मास्टर प्लान में हेराफेरी करने से व्यवस्थित शहर बसाने की बजाय अवैध निर्माण/कालोनियां निर्मित होगी जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होगी । इस तरह से प्रस्तावित भोपाल मास्टर प्लान के माध्यम से सरकार जनता को लूटने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए जो घोषणा की है ऐसी स्थिति में



प्रस्तावित मास्टर प्लान का क्या औचित्य रह जाएगा। मुख्यमंत्री जी की घोषणा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। भोपाल के प्रस्तावित मास्टर प्लान में हेराफेरी कर भाजपा से संबंधित नेताओं एवं नौकरशाहों को लाभ पहुंचाने का प्रयास। मास्टर प्लान में पूरे शहर का एफएआर कम कर दिया गया है।एफएआर कम करने से फ्लोर एरिया रेसीडेंसी जमीन का अनुपात निर्माण करने का अधिकार भू-स्वामियों को खरीदना पड़ेगा। स्थायी मास्टर प्लान में कोलार, रातीबड़ की बीच की भूमियों के बड़े भाग एवं रायसेन रोड की भूमि का बड़ा हिस्सा सिटी फॉरेस्ट एरिया घोषित किये जाने से लाखों किसान खेतीबाड़ी से वंचित होकर बेरोजगार हो जाएगें। ग्राम सेवनिया, नाथू बरखेड़ा में अवैध रूप से किये गये निर्माण की जांच होना चाहिए जिससे नौकरशाहों की साज़िश उजागर हो जाएगी।बड़े तालाब को पुरानी स्थिति में लाने के लिए तालाब किनारे की मानव गतिर्विधियां/निर्माण पर प्रतिबंध लगाना होगा।एमपी नगर का एफएआर कम कर दिया गया। डॉ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा अवैध कालोनी को वैध करने की घोषणा पूरी तरह से झूठ का पुलन्दा है जब अवैध कालोनी को वैध की जाएगी तो मास्टर प्लान का औचित्य ही समाप्त हो रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीएम राज कैंपस शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद में वृक्षारोपण संपन्न



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**



**गोहद -** भिंड। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीएम राज कैंपस शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद में वृक्षारोपण संपन्न विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की योजना के अनुसार वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया जाता है यह है पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में 1972 से लगातार मनाया जाता है ताकि विश्व समुदाय के लोग मानव जीव जंतु एवं प्राकृतिक तत्वों के संरक्षण संवर्धन में योगदान प्रदान कर सकें 2019 से यह पर्यावरण दिवस किसी न किसी एक विशेष टीम पर आधारित रहता है यह थीम पृथ्वी वृक्षारोपण जैव विविधता हरियाली जीव जंतु संवर्धन पर आधारित होती है 2023 में यह थीम प्लास्टिक प्रबोधन अर्थात प्लास्टिक के सदुपयोग पर आधारित होगी ताकि प्लास्टिक तत्व के दुरुपयोग को रोका जा सके और पृथ्वी को संरक्षित कर इको तंत्र को व्यवस्थित किया जा सके इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद जिला भिंड के परिसर में वृक्षारोपण महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर सीएम राइज विद्यालय गोहद के प्राचार्य रविंद्र सिंह चौहान विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा जन शिक्षक सतीश कुमार कोरूकू वरिष्ठ शिक्षक मोहर मन राठौर विद्यालय परिवार की श्रीमती किरण शुक्ला ज्योति शर्मा एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत से मोटरसाइकिल सवार की मौत, पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत छीमका के पास प्रधुम्न उर्फ रामू पुत्र श्री कृष्ण सोनी निवासी बड़ा बाजार जैन मंदिर के बगल से वार्ड क्रमांक 10 गोहद मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 30 एमव्ही 4907 रात्रि करीब 1=00 बजे के लगभग छीमका गांव से आगे ग्वालियर रोड पर स्थित गिल ढाबा से कार्य करके गोहद चौराहा की ओर अपने घर गोहद आ रहे थे तभी रास्ते में छीमका पुल के पास बगैर नंबर का पावर टेक



(एस्कोर्ट) कंपनी का टेक्टर जिसका चेसिस क्र. टी 053625929 एचएल इंजन क्र. ई3706525 है के चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर ट्राली चलाते हुए प्रधुम्न सोनी की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे प्रधुम्न सोनी के कई गंभीर चोटें आई रात्रि में ही गोहद चौराहा पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई जहां डॉक्टरों ने प्रधुम्न सोनी को मृत घोषित कर दिया एवं परिजनों को सूचित कर सुबह शव का शव परीक्षण कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द किया, जिसके उपरांत परिजनों के द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 304ए का मामला दर्ज कर लिया है।मृतक अपने पीछे वृद्ध माता-पिता छोड़ गया- मृतक प्रदुम्न सोनी अपने माता-पिता वह भाई बहनों साथ रहता था परिवार में मृतक अकेला कमाने वाला था। प्रधुम्न की मृत्यु से परिवार में माता पिता और भाई बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## गाजे-बाजे संग दीवान का किया बधावणा, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**एक जैसी वेशभूषा में शामिल हुई महिलाएं जगह -जगह बरसाए फूल**





**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**पाली ।** ग्राम वोपारी में नवनिर्मित आईमाता मंदिर वडेर की प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव के तहत मंगलवार को दिन भर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिन भर गांव में मेले सा माहौल रहा। महोत्सव के तहत धर्मरथ वैल धर्मगुरू दीवान माधवसिंह का बधावणा किया गया ।दीवान के स्वागत को ग्रामीणों ने पलक पावड़े बिछाए। इस मौके विभिन्न मार्गो से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाएं महिलाएं एक जैसी वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। जिसका ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया । शोभायात्रा में ढोल, डीजे, हाथी व झांकियों ने मन मोह लिया । शोभायात्रा में वोपारी गांव व अन्य गावों आई गेरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । विभिन्न स्वांग रचे गेरिया ने हाथों में छतरिया लिए, पैरों में बंधे घुंघुरू की खनक संग चंग की थापपर जमकर थिरकने का आनंद लिया । महोत्सव के तहत आचार्य पं किशनचन्द्र ओझा के आचार्यत्व में आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सपत्नीक आहुतियां दी । रात्रि जागरण कार्यक्रम में समाज बंधुओ ने चढ़ावे की बोलियां भी लगाई गई। इस कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व युवाओं तथा मातृशक्ति का सहयोग रहा ।

## कांग्रेस के सेक्टर मंडलम कार्यकर्ताओ की बैठक सम्पन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ।** गोहद विधानसभा क्षेत्र के मंडलम सेक्टर बी एल ए ब्लॉक अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता



भारी संख्या में उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रुप से गोहद विधायक मेवाराम जाटव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव नगर अध्यक्ष टोनी मुद्गल ,जिला कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग वरिष्ठ नेता डॉ रणवीर यादव , केशव देसाई ,श्रीमती रेखा बसेड़िया, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष देशलहरा मालती जाटव,रागिनी चौहान कुलदीप सिंह गुर्जर, डॉ अमर सिंह साबू खान, हरेंद्र सिंह गुर्जर,शाहिद खान गुड्डू रमजानी खान मंडलम अध्यक्ष आदि तमाम लोग सम्मिलित हुए।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित करने आए प्रभारी मंत्री सिसोदिया

**45 लाख की लागत से होगी नन्नाजी की प्रतिमा स्थापित व स्मृति पार्क**

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा पिछोर नगर के बस स्टैंड प्रांगण में प्रदेश की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पात्र हितग्राही बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन हुए कैबिनेट मंत्री सिसोदिया ने लगभग 15 बहनों को योजना से लाभान्वित करते हुए स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किए। इसके साथ ही 450 से अधिक महिलाओं को विभाग द्वारा पांडाल में मौके पर ही प्रमाण पत्र वितरण किए गए।कार्यक्रम में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी सहित जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, उपाध्यक्ष अमित पडेरिया, भैया साहब लोधी, प्रहलाद सिंह यादव, पीतम लोधी तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि लाडली बहनो यह कार्यक्रम आपके लिए है, यह दिन उत्तम है, इस दिन लाडली



बहना के स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं और स्वर्गीय नन्नाजी की जयंती भी है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे यह अवसर मिला है। हमारे मुख्यमंत्री ने महिलाओं के कल्याण के लिए कमर कस ली है। लाड़ली बहना योजना मुख्यमंत्री ने प्रथम बार मध्यप्रदेश से आरंभ की है इससे आपके आत्म सम्मान में बढ़ोतरी होगी, 12 हजार रूपए साल के आएंगे जिससे बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने हाल ही में नगर पालिका निर्माण उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री व कार्यकर्ताओं की अवहेलना पर सीएमओ पिछोर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण गुप्ता उर्फ नन्ना जी ने हमेशा मुझे आशीर्वाद दिया है। यह नन्नाजी की कर्मभूमि है। नन्नाजी ने हमें गौरवान्वित किया है जिनको हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सम्मान दिया है। नन्नाजी की स्मृति में पार्क और प्रतिमा का भूमि पूजन कर रहा हूं। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक आशीष वर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन रमेश गुप्ता द्वारा किया गया।मुख्यमंत्री लाडली बहना मंचीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण गुप्ता पूर्व राजस्व मंत्री की 106वीं जयंती पर उनकी याद में स्मृति पार्क निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।पिछोर स्थित बस स्टैंड के पास एसडीएम निवास के सामने पड़ी राजस्व की भूमि पर उक्त स्मृति पार्क एवं प्रतिमा की स्थापना किया जाना है। यह पार्क लगभग 45 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा।

**प्रशिक्षु नवआरक्षकों की मेस में जाकर उनके साथ किया भोजन डीजीपी ने**

## पीटीएस तिघरा में नवनियुक्त नवआरक्षकों से साधा संवाद,प्रशिक्षण का समझाया महत्व, आधुनिक तकनीक सीखने पर दिया जोर



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल।**डीजीपी श्री सुधीर कुमार सक्सेना नवनियुक्त नवआरक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लगातार पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का जायजा ले रहे हैं। कुछ ही दिनों पूर्व डीजीपी श्री सक्सेना सागर स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मकरोनिया पहुंचे थे। इसी क्रम में डीजीपी मंगलवार को ग्वालियर स्थित पुलिस प्रशिक्षण शाला, तिघरा पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर नवनियुक्त नवआरक्षकों को ट्रेनिंग की महत्ता समझाई। उन्होंने नवनियुक्त नवआरक्षकों को सलाह देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान स्मार्ट पुलिसिंग और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करें। गौरतलब है कि पुलिस प्रशिक्षण शाला, तिघरा में 626 नवनियुक्त नवआरक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

**डीजीपी ने नवनियुक्त नवआरक्षकों से मांगे सुझाव**-7 डीजीपी श्री सुधीर



कुमार सक्सेना ने पुलिस प्रशिक्षण शाला की नवआरक्षक मेस में नवनियुक्त 7 नवआरक्षकों के साथ भोजन किया। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर नवनियुक्त नवआरक्षकों से 7 संवाद साधा। उन्होंने ट्रेनिंग में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनसे सुझाव भी मांगे। डीजीपी ने पुलिस प्रशिक्षण शाला में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

**पीड़ितों को न्याय दिलाना हो सर्वोच्च प्राथमिकता :** डीजीपी श्री सक्सेना डीजीपी श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 626 नवनियुक्त नवआरक्षकों को 7 मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश पुलिस का मूलमंत्र ÷देशभक्ति जनसेवा÷ है, इसे आत्मसात करते हुए सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा



कि

आप 7 सभी का चयन एक पारदर्शी प्रतियोगिता के तहत हुआ है। आप भी इसी तरह अपने कार्य 7 ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपादित करें।प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि आप जितने दक्ष होंगे उतनी ही शीघ्रता, 7 निष्पक्षता और पारदर्शिता से पीड़ितों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएंगे। प्रशिक्षण 7 को बहुत ही गंभीरता पूर्वक पूरा करें और ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ अपना कर्तव्य निभाएं।डीजीपी ने उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने की बात पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्तव्यपथ पर अडिग रहते हुए पीड़ितों और वंचितों को न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हो । विशेषकर महिलाओं, बालक-बालिकाओं और समाज के कमजोर वर्ग की सुरक्षा लिए संवेदनशीलता से कार्य करें।

# विप्र बहनों का मिलन समारोह शिव शनि जेल मंदिर में सम्पन्न

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे



दमोह। 5 जून दिन सोमवार को विप्र नारी शक्ति संस्था दमोह के जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना पाठक के निर्देशन में विप्र बहनों का मिलन समारोह शिव शनि जेल मंदिर मैं किया गया। इस आयोजन में इंदौर से पधारे विप्र नारी शक्ति संस्था की संस्थापिका श्रीमती प्रमिला कैलाश शर्मा इंदौर जिला अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू भार्गव, जबलपुर से पधारे जिला अध्यक्ष उषा मिश्रा विदिशा से पधारे श्रीमती मनीषा शर्मा दमोह विधायक की पुत्री पारुल टंडन लायनेस क्लब की आधार स्तंभ रोजी बग्गा की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों का पुष्प हार पहनाकर साल श्रीफल भेंट देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला संरक्षिका बबीता चौबे द्वारा किया गया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष मीना पाठक के द्वारा दिया जिला संरक्षिका पद्मा दुबे और सुधा मिश्रा के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रगति मिश्रा जिला संगठन महामंत्री श्रीमती सीमा हजारी द्वारा जिला अध्यक्ष सुषमा दुबे का स्वागत किया गया जिला प्रभारी श्रेया पाठक के द्वारा पारुल टंडन जी का स्वागत किया गया जिला उपाध्यक्ष प्रभात मिश्रा और आरती चौबे के द्वारा विदिशा जिला अध्यक्ष मनीषा शर्मा द्वारा स्वागत किया गया श्रीमती रोजी बग्गा का स्वागत जिलाध्यक्ष मीना पाठक द्वारा दिया गया प्रमिला शर्मा का स्वागत बबीता चौबे द्वारा दिया गया स्वागत की बेला में जिला सचिव जानकी गर्ग शांति मिश्रा जिला महामंत्री निधि मिश्रा सविता पांडे अंजना दीक्षित चंद्रप्रभा रावत विद्या तिवारी अनीता तिवारी अनुराधा गोस्वामी भारती चौबे भावना दुबे जिला कोषाध्यक्ष इंदु सिरोठिया कला और साहित्य प्रकोष्ठ प्रभारी पदमा और दीप्ति चौबे की गरिमामय उपस्थिति में कार तिवारी परिणय प्रकोष्ठ की प्रभारी पदमा हजारी मीडिया प्रभारी सीमा शुक्ला किरण तिवारी एकता मिश्रा पार्वती शर्मा ब्रज लता पाठक माधुरी पाठक अनीता पाठक प्रतिमा पाठक और दीप्ति चौबे की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मतदान केंद्रों पर बूथ लेबिल एजेंटों की नियुक्ति की जाये-कलेक्टर मयंक अग्रवाल

## फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय पुनरीक्षण कार्यक्रम 23 जून तक,मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव के संबंध में बैठक संपन्न

पुष्पांजली टुडे

दमोह।भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत फोटो निर्वाचन नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के प्री-रिवीजन कार्यक्रम एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्त करण प्रस्ताव के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार 01 अक्टूबर 2023 की आर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 23 जून 2023 तक बीएलओ द्वारा डोर टू डोर सर्वे के दौरान घर-घर जाकर नवीन मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम



जोड़ने हेतु प्रारूप- 6 में आवेदन प्राप्त किए जायेंगे। मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाये जाने हेतु प्रारूप-7 एवं मतदाताओं के नाम में सरनेम संशोधन व जोड़ने हेतु प्रारूप-8 में आवेदन प्राप्त किए जायेंगे। उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों से अपेक्षा की है कि मतदान केंद्रों पर बूथ लेबिल एजेंटों की नियुक्ति की जाये। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतदान केंद्रों के जीर्ण-शीर्ण व दो किलोमीटर दूरी व अन्य कोई असुविधा होने पर सुझाव संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को भेजने कहा गया। जिले में दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हांकित करने का कार्य बीएलओ के द्वारा सर्वे के दौरान किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज, सुरेश पटेल, माधवेंद्र सिंह, लालचंद राय, सुरेश छाबड़ा, प्रकाश लारिया एवं राहुल श्रीवास्तव, आशाराम चौधरी, चिंतामन अहिरवार एवं बृजेश चौबे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### थाना कोतवाली को मिली बडी सफलता

# एक हजार रूपये का इनामी पकड़ा

पुष्पांजली टुडे

दमोह। एसपी राकेश सिंह द्वारा फरार एवं इनामी आरोपी की धरपकड हेतु निर्देशित किया गया जिसे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत ने थाना के इनामी आरोपी के



पकड़ने हेतु टीम गठित की गयी जिसे थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित करके दिनांक 5 /6 /2023 को थाना कोतवाली के अप.क्र. 211/23 धारा 3/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में 1000 रूपये के इनामी फरार आरोपी भूपेन्द्र ठाकुर पिता सुखलाल उम्र 51 साल निवासी फुटेरा वार्ड 5 दमोह को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के नाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह राजपूत, सउनि गोबिन्द सिंह प्रधान आरक्षक 608,अनिल गौतम आरक्षक, ओमप्रकाश, आरक्षक नरेन्द्र आरक्षक, योगेन्द्र यादव आरक्षक,देशराज आरक्षक,कृष्ण कुमार,आरक्षक का विशेष योगदान रहा।

# आम आदमी पार्टी ने किसान आंदोलन में शहीद हुए वीरों को दी श्रद्धांजलि



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। आम आदमी पार्टी ने 6 जून के उपलक्ष्य में किसान आंदोलन में शहीद हुए वीरों की याद में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। जय जवान जय किसान और घनश्याम धाकड़ अमर रहे के नारों के साथ श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में लोकसभा सहसचिव रामलाल प्रणामी, जिला सचिव ब्रजेश चौबे, दमोह ब्लॉक अध्यक्ष वृन्दावन पटोटिया ( बिंदु ), प्रदेश समन्वयक विकास पांडे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी निशेष जैन, यज्ञेश चौरसिया, अजय श्रीवास्तव, शहजाद खान, शाबिर खान, इस्रायल खान, कामता प्रसाद चक्रवर्ती, राकेश रजक जबेरा ( सिंगपुर ) आदि सम्मिलित हुए।

# शिवपुरी पुलिस की नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तायबी की कार्यवाही लगातार जारी

## पुलिस थाना खनियाधाना ने नाबालिग बालिका को चंद घण्टों मे किया बरामद

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी के निर्देश दिये गये हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा बिना बताये गुम हुयी नाबालिक बालिका को दस्तयाव किया है ।दिनांक 05.06.2023 को फरियादी हरीराम जाटव पुत्र बैजू जाटव उम्र 40 साल निवासी ग्राम चमरौआ ने अपनी पुत्री कल्पना जाटव( बदला हुआ नाम ) उम्र 15 साल को प्रदीप जाटव नाम के व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट की थी । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना खनियाधाना पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते अपराध क्रमांक 303/2023 धारा 363 का कायम कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस द्वारा नाबालिक की दस्तयावी हेतु तुरंत कार्यवाही की एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गाय व नाबालिक के दोस्तों व मिलने बालों से पूछताछ की गई और जानकारी ली गई । पुलिस द्वारा साइवर सेल की मदद ली गई जिससे नावालिग बालिका की लोकेशन का पता चल सका । थाना खनियाधाना पुलिस द्वारा प्राप्त लुकेशन के आधार पर चंद घण्टों मे ही नाबालिक को रेड़ी चौराहा खनियाधाना से दस्तयाब कर लिया गया, नाबालिक एवं उसके साथ दो लोग जो कहीं भागने की फिराक मे थे । आरोपी मौका देख कर फरार हो गये । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक धनेद्र सिह भदौरिया, उनि अशोकबाबू शर्मा, प्र.आर. 661 नरेन्द्र सिंह पाल, आर. 1046 बलराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## मंत्रोच्चारण के मध्य मीना जैन बनी शुद्धनन्दिनी एवं रामकली बनी शुभनन्दिनी माताजी

अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री सौम्य नन्दिनी माताजी को ग्राम हथनी (दमोह) मध्यप्रदेश में मुरेना नगर की दिगम्बर जैसवाल जैन उपरोचियाँ परिवार की रावत गोत्रीय मुरेना नसियां जी जैन मंदिर के सामने निवासी पवन जैन (रतीराम पुरा बाले) की मातुश्री ब्रह्मचारणी बहिन मीना जैन व संतोष, नीलेश, दीपक जैन की मातुश्री कोलनायक गोत्रीय रामकली जैन ने आत्म कल्याण हेतु श्रीफ़ल अर्पित कर

# आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित ईव्हीएम की एफएलसी होगी 07 जून से दल प्रभारी को मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया प्रशिक्षण एफएलसी रूम में दल प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों को बिना पहचान पत्र के प्रवेश होगा वर्जित

## मोबाइल लाना रहेगा प्रतिबंधित

गुना/ कलेक्ट्रेट जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव की पूर्व तैयारी के संबंध में ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी से संबंधित एफएलसी का विस्?तृत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मास्टर ट्रेनर निरंजन श्रोत्रिय द्वारा दल प्रभारी एवं संबंधित कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि दिनांक 07 जून से प्रातः 10 बजे से एफएलसी का कार्य ईव्हीएम वेयर हाउस में प्रारंभ होना है, जिसमें सभी दल प्रभारी समय पर उपस्थित होवें एवं अपने साथ कोई भी इलेक?ट्रानिक उपकरण एवं मोबाइल साथ में न लावें। एफएलसी



के दौरान सभी दल प्रभारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक ईवहीएम में 16 उम्मीदवारों के बटन को 6 बार दबाकर देखना है। हर राउंड का एक प्रपत्र भरना होगा, जिसमें ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी का नंबर अंकित करना होगा। सीयू या बीयू में यदि कोई खराबी है तो उपस्थित इंजीनियर्स के संज्ञान में लाकर उसे सुधार लिया जावे। यह कार्य बहुत ही सावधानीपूर्वक किया जाना है। इस दौरान उपस्थित अपर कलेक्टर शर्मा द्वारा बताया गया कि सभी रूम में सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से निगरानी होगी और इस कार्य की भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग से भी सीधी मॉनिटरिंग की जावेगी। एफएलसी के दौरान मोबाइल लाने की अनुमति नही होगी। उपस्थित इंजीनियर के मार्गदर्शन में एफएलसी कार्य किया जावे। इस दौरान संबंधित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। सभी कर्मचारी अपने फोटोयुक?त पहचान पत्र साथ में लेकर आवें इसके बाद ही कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। सभी कर्मचारी इस कार्य को गंभीरतापूर्वक संपन करेंगे।

# दुमका गांधी मेदान के पास आटो एवं टॉटो का विशेष जांच अभियान चलाया गया-

**दुमका/दुमका।**मंगलवार को दुमका जिला स्थित गांधी मैदान के पास ऑटो एवं टोटो का विशेष जांच अभियान चलाया गया। उक्त जांच अभियान के दौरान ऑटो की परमिट एवं टोटो के निबंधन की जांच की गई। जांच के दौरान उप परिवहन आयुक्त -सह- सचिव, संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दुमका के साथ पूरी टीम ने मिलकर आवागम कर रही सभी टोटो एवमा ऑटो का जांच



करते हुए कुल 4 ऑटो को सीज किया गया साथ ही चालकों को यथाशीघ्र परमिट लेने के संबंध में सूचना दी गयी है।इस विशेष जांच का नेतृत्व जुगनू मिंज . उप परिवहन आयुक्त -सह- सचिव, संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दुमका द्वारा किया गया।ऑटो एवं टोटो जांच में आरटीए कार्यालय के कर्मी मुकेश कुमार, सुनील कुमार पाण्डेय तथा अन्य कर्मी थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण स्काउट गाइड ने

आज दिनांक 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें



मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री रघुराज कंसाना जी दर्जा कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम भोपाल उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सुरेश गुप्ता पूर्व जिला मुख्य आयुक्त ने की । विशिष्ट अतिथि में श्री सुरेंद्र सिंह यादव उपाध्यक्ष संभागीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र मुरैना श्री वीर सिंह यादव सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग मुरैना श्री रामनरेश दंडोतिया जिला अध्यक्ष तृतीय कर्मचारी संघ मुरैना मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कंसाना जी ने कहा कि गाइड द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पार्क में वृक्षारोपण किया गया एवं पूरे पार्क की सफाई स्काउट गाइड द्वारा की गई वास्तव में वह बधाई के पात्र हैं स्काउट गाइड हमेशा समाज हित में अगड़ी रहता है आज जो कार्यक्रम स्काउट गाइड के माध्यम से जिला एवं प्रत्येक विकास खंड स्तर पर किया जा रहा है वह निश्चित ही सराहनीय है इस मौके पर सभी स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों से अपील करता हूं कि आज के दिन वह अपने घर में या सार्वजनिक स्थान पर एक पौधा जरूर लगाएं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर सुरेश गुप्ता जी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अग्रसेन पार्क की सफाई एवं पौधारोपण किया इसी प्रकार पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलिथीन मुक्त मुरैना अभियान स्काउट गाइड के द्वारा चलाया जाए और घर घर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया जाए।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सुरेंद्र सिंह यादव उपाध्यक्ष प्रशिक्षण केंद्र जिगनी मुरैना ने विश्व पर्यावरण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमें अति आवश्यकता है अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की यदि हम वृक्षारोपण करेंगे और समाज में जनजागृति के माध्यम से घर घर पर्यावरण को बचाने का संदेश पहुंचाएंगे तभी हम आने वाले भविष्य को बचा सकेंगे।श्री वीर सिंह यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बताया कि स्काउट गाइड के माध्यम से पूरे जिले एवं प्रत्येक विकासखंड में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और उन्होंने कहा की हमारा प्रयास रहेगा स्काउट गाइड के माध्यम से विश्व पर्यावरण के लिए जनचेतना समाज में जागृत करेंगे।जिला अध्यक्ष श्री रामनरेश दंडोतिया जी ने कहा कि पूरे साल भर स्काउट गाइड समाज सेवा के कार्य करता रहता है मैंने देखा है रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी में स्काउट गाइड की छात्र-छात्राएं एवं पदाधिकारी जल पिलाने का कार्य करते हैं इसी प्रकार समाज में चाय स्वास्थ्य शिविर हो कोई भी अन्य सेवा कार्य हो शनिचरा सेवा कार्य हो हर जगह स्काउट गाइड अपनी भूमिका निभाता है मैं इनको शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं।क

# जल संरक्षण की महत्व पर एक जागरूकता बैठक संपन्न

**दुमका/झारखण्ड।**गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी दुमका एवं तिलका मांझी क्लब खरबिला के संयुक्त तत्वाधान में आज जरमुंडी प्रखंड के खरबिला पंचायत के बूढ़ी सिमर गांव में ब्रह्मदेव राय की अध्यक्षता में एक जागरूकता बैठक सम्पन्न किया गया । हूल बैसी के सुलेमान मरांडी ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को वर्तमान समय में जल संकट से बचने के लिए जल संरक्षण की महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जल की महत्व को समझाते हुए जल की संतुलित उपयोग करने के लिए अनुरोध किया और साथ ही उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने जगह में इस वर्ष 20 -20 फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया गया। सामुदायिक नेता इग्नातीयूस मुर्मू ने अपनी बात रखते हुए लोगों के उत्थान के लिए झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी



योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनुरोध किया। कार्यक्रम में सोनू राय, भैरो राय,राजकुमार राय , कैला राय, रंजीत राय, श्रीनाथ कुमार राय, रूसन राय राम हेम्ब्रम , उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं समापन समुदाय नेता सनातन टुडू द्वारा किया गया।

## जरूरत से ज्यादा तैयारी से बेहतर है तरोताजा रहना : पैट कमिंस

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को दो महीने तक टी20 क्रिकेट खेल कर इंग्लैंड पहुंचने की जगह भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए थोड़ा कम अभ्यास के साथ पहुंचने से कोई परहेज नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन और डेविड वार्नर आईपीएल में खेल रहे थे जबकि मार्नस लाबुशेन काउंटी क्रिकेट में खेल रहे थे। इन तीनों के अलावा टीम के ज्यादातर खिलाड़ी लंबे समय के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलेंगे। कमिंस से जब डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कम अभ्यास के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आज के दौर में क्रिकेट में विश्राम मिलना मुश्किल है ऐसे में यह हमारे लिए अच्छा है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 49 मैचों में 217 टेस्ट विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है, छह टेस्ट मैचों (एशेज में पांच सहित) के साथ, अधिक खेल कर यहां पहुंचने की तुलना में थोड़े कम अभ्यास के आना बेहतर है। मैं एक गेंदबाज के दृष्टिकोण से बात कर रहा हूं। इसलिए मैं शारीरिक रूप से तरोताजा रहना चाहता हूं। कमिंस ने ओवल में आईसीसी के 'आफ्टरनून विद टेस्ट लेजेंड्स' कार्यक्रम में कहा कि ऑस्ट्रेलिया में हमने काफी ट्रेनिंग की है। हमने कड़ा प्रशिक्षण लिया है। हम तरोताजा और उत्सुक है।



## अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एकमात्र टेस्ट मैच में बांग्लादेश का नेतृत्व करेंगे लिटन दास

ढाका। अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एकमात्र टेस्ट मैच में बांग्लादेश क्रिकेट टीम का नेतृत्व लिटन दास करेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें दो अनकैप्ड खिलाड़ी शहादत हुसैन और मुश्फिक हसन शामिल हैं। लिटन देश के 12वें टेस्ट कप्तान बनेंगे। लिटन शाकिब अल हसन की जगह लेंगे, जिन्हें आयरलैंड के दौरे के दौरान के उंगली में लगी चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर होना पड़ा था। बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मिनहाजुल अबेदिन ने टीम की घोषणा के बाद क्रिकबज से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि लिटन के पास टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सभी योग्यताएं हैं और यह उसके लिए एक बड़ा सम्मान है। उन्होंने लिटन के बारे में आगे कहा, यह हमारे लिए उन्हें टेस्ट कप्तान के रूप में देखने का एक अवसर है और हमें विश्वास है कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे।



मिनहाजुल ने कहा कि चटोग्राम डिवीजन के बल्लेबाज शहादत हुसैन दीपू और रंगपुर डिवीजन के तेज गेंदबाज मुश्फिक हसन हमेशा उनके रडार पर थे।

21 वर्षीय शहादत दाएं हाथ के मध्य क्रम के बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 2021 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था। उन्होंने 20 प्रथम श्रेणी मैचों में दो शतक और 10 अर्धशतक के साथ 1265 रन बनाए हैं। मुश्फिक ने 2022 के प्रथम श्रेणी सत्र में पदार्पण के बाद धमाल मचा दिया। 20 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 13 मैचों में तीन बार पांच विकेट लेने के साथ 49 विकेट लिए हैं। दोनों वेस्टइंडीज ए के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई अनौपचारिक टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा थे और काफी अच्छा प्रदर्शन किया। बीसीबी ने आगामी दो हफ्तों के लिए एलन ब्राउन को माइंड ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया और उन्होंने रविवार से कुछ खिलाड़ियों के साथ बैठक कर अपनी गतिविधियों की शुरुआत की। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट 14 जून से शुरू होगा। बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है: लिटन दास (कप्तान), तमीम इकबाल, जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शांतो, मोमिनुल हक शोराब, मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, सैयद खालिद अहमद, एबादत हुसैन चौधरी, तस्किन अहमद, शोरफुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय , शहादत हुसैन दीपू, मुश्फिक हसन।

## एशेज श्रृंखला से बाहर हुए इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज जैक लीच

लंदन। इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच कमर के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस सप्ताह लॉर्ड्स में आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान 31 वर्षीय समरसेट के बाएं हाथ के स्पिनर लीच को यह समस्या हुई



थी। लीच ने आयरलैंड की दूसरी पारी में 20 ओवर गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए थे। इंग्लैंड ने यह मैच 10 विकेट से जीता था। लंदन में रविवार को हुए एक स्कैन में स्ट्रेस फ्रैक्चर का पता चला, जिसके कारण वह शुक्रवार 16 जून से एजबेस्टन में शुरू हो रहे आगामी एशेज टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी बयान में कहा गया, इंग्लैंड उचित समय पर श्रृंखला के लिए एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी की घोषणा करेगा। लीच ने इंग्लैंड के लिए 35 टेस्ट में 34.18 की औसत से 124 विकेट लिए हैं। वहीं, उन्होंने सात एशेज मैचों में, 35.05 की औसत से 18 विकेट लिए हैं।

## नॉर्वे ग्रांड मास्टर शतरंज-कार्लसन को गुकेश नें ड्रॉ पर रोका

स्टावेंगर , नॉर्वे। नॉर्वे ग्रांड मास्टर शतरंज में विश्राम के बाद चौथे राउंड का मुकाबला खेला गया और भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश अपने खेल जीवन में दूसरी बार विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन का क्लासिकल शतरंज में सामना कर रहे



थे और एक बार फिर गुकेश नें दिखाया की क्यूँ उन्हे भविष्य का खिलाड़ी कहा जा रहा है । गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए इटेलिअन ओपनिंग में 82 चालों तक चले वजीर के एंडगेम में कार्लसन को ड्रॉ खेलने पर विवश कर दिया हालांकि टाईब्रेक ब्लिट्ज़ में कार्लसन 1.5 अर्जित करने में कामयाब रहे । अन्य मुकाबलों में यूएसए के फबियानों करूआना नें फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते हुए पुनः विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया । अन्य परिणामों में यूएसए के नाकामुरा नें नीदरलैंड के अनीश गिरि को ,अजरबैजान के ममेद्यारोव नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को और यूएसए के वेसली सो नें नॉर्वे के आर्यन तारी को मात दी । फिलहाल राउंड 4 के बाद यूएसए के करूआना सबसे आगे चल रहे है ।

## करीम बेंजेमा ने रियल मैड्रिड के लिए खेला अपना आखिरी मैच, क्लब को हार से बचाया

नई दिल्ली। स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा ने बर्नब्यू में रियल मैड्रिड के लिए एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ अपना अंतिम लालिगा मैच खेला। उन्होंने मैच में पेनल्टी के जरिये गोल किया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके और मैच 1-1 से ड्रा रहा। मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक, एक पूर्ण फुटबॉलर, एक बहुत अच्छे, विनम्र, गंभीर व्यक्ति, क्लब छोड़ रहे हैं। हम खुश नहीं हो सकते, लेकिन हमें उनके फैसले का सम्मान करना होगा, उन्होंने क्लब के लिए काफी कुछ अर्जित किया है। हम सभी को उन्हें धन्यवाद देना होगा। उन्होंने इस क्लब के लिए जो किया है वह अविस्मरणीय है, वह इस क्लब के इतिहास में हमेशा रहेंगे।



मैच की बात करें तो मुकाबले के 49वें मिनट में बिलबाओ ने ओइहान संसेट के गोल के जरिये 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद मैच के 72वें मिनट में बिलबाओ के पेनल्टी क्षेत्र में एडर मिलिटाओ द्वारा यूरी बेरचिचे के चेहरे पर कोहनी लगने के बाद रियल को पेनल्टी मिली, जिसे बेंजेमा ने गोल में बदलकर अपनी टीम को 1-1 की बराबरी दिला दी और यही स्कोर अंत में निर्णायक साबित हुआ।

## फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कराज

पेरिस। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज फ्रेंच ओपन में टॉप स्पीड में चल रहे हैं। उन्होंने रविवार को देर शाम 176वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को 6-3, 6-2, 6-2 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

क्ले कोर्ट पर अल्कराज की यह सीजन की 24वीं जीत रही, इस दौरान उन्हें सिर्फ दो हार का सामना करना पड़ा है। पूरे मैच में अल्कराज की पकड़ इतनी जबरदस्त थी कि उसने लगातार सेट जीतने के साथ हर नये सेट में और तेजी से हमला बोला। अल्कराज ने जहां पहला सेट 6-3 से 44 मिनट में अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट को उन्होंने



6-2 से 43 मिनट में जीत लिया। जबकि आखिरी और निर्णायक सेट को इस स्पेनिश खिलाड़ी में मात्र 41 मिनट में 6-2 से अपने हक में किया। स्टार स्पेनिश खिलाड़ी अल्कराज मैच में हमेशा की तरह शानदार रहे। उन्होंने 42 विनर और 23 ड्रॉप शॉट मारे, जबकि 14 में से 7 ब्रेक प्वाइंट भी हासिल किए।

## भारत ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता

येचियोन (कोरिया)। रेजोआना हीना मलिक और भरतप्रीत सिंह ने रविवार को यहां एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में क्रमशः महिला 400 मीटर रेस और पुरुष चक्का फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किये जिससे भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत हुई। हीना ने 53.31 सेकेंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीता जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.22 सेकेंड के समय से थोड़ा अधिक रहा। उन्होंने अप्रैल में ताशकंद में हुई एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। भरतप्रीत ने टूर्नामेंट के शुरुआती दिन 55.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। अंतिमा पाल ने दिन का तीसरा पदक कांस्य के रूप में जीता। उन्होंने 5,000 मीटर रेस 17 मिनट और 17.11 सेकेंड के समय में पूरी की।



## फ्रेंच ओपन: 17वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच, अब करेन खाचनोव से भिड़ेंगे

पेरिस। दो बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन टेनिस के पुरुष वर्ग के चौथे दौर के मुकाबले में जुआन पाब्लो वेरिलास को तीन सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 6-2 से हरा दिया। इस जीत के सात उन्होंने 17वीं बार रोलां गैरो के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

अपने 23वें ग्रैंडस्लैम का लक्ष्य लेकर चल रहे तीसरी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने चौथे दौर में एक घंटा 57 मिनट तक चले मुकाबले में जुआन पाब्लो को बड़ी आसानी से हरा दिया।



मैच में जोकोविच के दबदबे को उनके 35 विनर और 12 में से छह ब्रेक प्वाइंट जीतने से समझा जा सकता है।

वहीं क्वार्टर फाइनल में जोकोविच का सामना रूस के करेन खाचनोव से होगा। खाचनोव ने भी आज खेले चौथे दौर के मुकाबले में इटली के लौरेंजो सोनेगो को 1-6, 6-4, 7-6, 6-1 से पराजित किया। इस जीत के साथ 11वीं वरीयता के खाचनोव लगातार तीसरे ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

## इंग्लैंड में महसूस नहीं होता लेकिन पता चल जाता है कि आक्रमण कब करना है : रोहित

लंदन। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने उपमहाद्वीप से बाहर अपना एकमात्र टेस्ट शतक 2021 में 'द ओवल' में बनाया था और उनका कहना है कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाज के तौर पर कोई भी क्रीज पर सहज महसूस नहीं करता लेकिन उसे पता चल जाता है कि प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों के खिलाफ कब आक्रामकता बरतनी है।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले भारतीय कप्तान को लगता है कि इंग्लैंड की पिचों पर कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं है। रोहित ने यहां आईसीसी के एक कार्यक्रम 'आफ्टरनून विद टेस्ट लीजेंड्स' में कहा कि मुझे लगता है कि आमतौर पर बल्लेबाज के लिए इंग्लैंड में काफी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां होती हैं। जब तक आप चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहते हो, तब तक आपको सफलता मिलती है। रोहित 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट में भारत में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे थे। पैट कमिंस, रॉस टेलर और इयान बेल के साथ बैठे भारतीय कप्तान ने अपने निजी अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा कि 2021 में मुझे एक चीज महसूस हुई कि आप कभी भी क्रीज पर जमते नहीं हो और फिर मौसम बदलता रहता है। आपको लंबे समय तक ध्यान लगाए रखना होता है और फिर आपको पता चल जाता है कि अब गेंदबाजों को धुनने का समय आ गया है।

## इस बार मैं रन बनाने पर ध्यान दूंगा, अच्छी गेंद से निपटने का ये है प्लान : कैमरन ग्रीन

लंदन । ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की अपनी प्रभावशाली फॉर्म को भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में दोहराना चाहते हैं और उनका मानना है कि टी20 से पारंपरिक प्रारूप में बदलाव के बावजूद उन्हें अपने आक्रामक खेल में लगाम लगाने की जरूरत नहीं है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल द ओवल में 7 जून से खेला जाएगा।

**2023 में गद्दों की कीमत कितनी है? कीमतें देखें**

इस साल आईपीएल में ग्रीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 पारियों में 160 के स्ट्राइक रेट से 452 रन बनाए जिसमें 47 गेंद में जड़ा शतक भी शामिल है। उनके शतक की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। बुधवार से द ओवल में शुरू हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले 'क्रिकेट.कॉम.एयू' ने ग्रीन के हवाले से कहा, 'इंग्लैंड की टीम अभी काफी आक्रामक क्रिकेट खेल रही है इसलिए शायद आपको अपने खेल में अधिक बदलाव करने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा, 'पिछले साल पारी की शुरुआत में मैंने रन बनाने की कोशिश करने की जगह संभवतः थोड़ा अधिक रक्षात्मक होकर खेलने का प्रयास किया। आप अच्छी गेंद के खिलाफ रक्षात्मक रुख अपना सकते हैं, आपको क्रीज पर अच्छे फैसले करने होते हैं।' ग्रीन ने कहा, 'इस बार मैं रन बनाने पर ध्यान दूंगा और अगर गेंद अच्छी हुई तो रक्षात्मक खेल दिखाऊंगा।' बल्लेबाजी के अलावा ग्रीन ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण का भी अहम हिस्सा होंगे और यह 24 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड में ड्यूक गेंद से गेंदबाजी करने की चुनौती के लिए तैयार है। ग्रीन ने कहा, 'सभी, विशेषकर गेंदबाज, स्विंग के कारण यहां (इंग्लैंड) आने को लेकर उत्साहित रहते हैं। सामान्यतः, जब मैं ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करता हूं तो काफी मूवमेंट नहीं मिलती इसलिए मैं रोमांचित हूं कि यहां हालात का फायदा उठा सकता हूं।'



## ब्रेंडन किंग के शतक से वेस्टइंडीज ने यूएई को सात विकेट से हराया

शारजाह। सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग के पहले शतक की मदद से वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में यूएई को सात विकेट से हरा दिया। किंग ने 112 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली जबकि शामरा ब्रूक्स ने 44 रन बनाए जिससे टीम ने 88 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। नए कप्तान शाई होप (नाबाद 13) ने छक्का जड़कर 35.2 ओवर में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 206 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिलाई। इससे पहले यूएई की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.1 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज कीमो पॉल ने 34 रन पर तीन विकेट चटकाए। मेजबान टीम ने लिए 19 साल के अली नसीर पदार्पण करते हुए 52 गेंद में 58 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। वी अरविंद ने भी 77 गेंद में 40 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से यानिक कारिया ने 26, डोमीनिक ड्रेक्स ने 29 और ओडियन स्मिथ ने 40 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। तीन मैचों की यह श्रृंखला अगले महीने जिंबाब्वे में होने वाले विश्व कप क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण है।





## 132 रन से जीता श्रीलंका, काम आई मेंडिस की पारी, सीरीज हुई बराबर

हंबनटोटा। श्रीलंका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को 132 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डिमुथ करुणारत्ने (52) और कुसल मेंडिस (78) के अर्द्धशतकों की मदद से अफगानिस्तान के सामने 324 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में अफगानिस्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (57) और इब्राहीम जादरान (54) के अर्द्धशतकों के बाद भी 191 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका की इस जीत में योगदान देते हुए वानिंदु हसरंगा और धनन्जय डी सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि दुश्मंता चमीरा ने दो विकेट चटकाए। महीष तीक्षणा को एक सफलता हासिल हुई। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का चुनी और करुणारत्ने ने पथुम निसंका के साथ पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। निसंका ने 56 गेंद पर छह चौकों की मदद से 43 रन बनाये, जबकि करुणारत्ने ने 62 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के स्पिनरों ने इन दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया लेकिन इसके बाद मेंडिस ने पिच पर पांव जमा लिए। मेंडिस ने 75 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाते हुए सदीरा समरविक्रमा के साथ 88 रन की साझेदारी की। समरविक्रमा ने भी पांच चौकों की सहायता से 44 रन का योगदान दिया। चरित असलंका (12 गेंद, छह रन) भले ही छोटे स्कोर पर आउट हो गए, लेकिन डी सिल्वा (24 गेंद, 29 रन), दसुन शनाका (13 गेंद, 23 रन) और हसरंगा (12 गेंद, 29 रन) ने अंत में तेजी से रन जोड़ते हुए श्रीलंका को 300 रन के पार पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान कभी भी जीत की ओर बढ़ती हुई नहीं लगी। मेहमान टीम ने रहमानुल्लाह गुरबाज़ का विकेट गंवाने के साथ सिर्फ 10 ओवर में सिर्फ 33 रन जोड़े। इब्राहीम ने रहमत शाह (42 गेंद, 36 रन) के साथ 51 रन की जबकि हशमतुल्लाह के साथ 84 रन की साझेदारी की, हालांकि रनगति धीमी होने के कारण अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ता गया। अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले हशमतुल्लाह ने 62 गेंद पर 57 रन बनाए जबकि इब्राहीम ने 75 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। इब्राहीम के रूप में अफगानिस्तान का तीसरा विकेट 146 रन पर गिरने के बाद टीम को 19.3 ओवर में 177 रन की जरूरत थी। रनगति के दबाव में अफगानिस्तान के आखिरी सात विकेट सिर्फ 45 रन के अंदर गिर गए और पूरी टीम 191 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंका ने इस जीत के साथ श्रृंखला बराबर कर ली है। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को खेला जाएगा।

# दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली: मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में भक्ति रत्नों द्वारा श्रद्धालुओं के अंत:करण को तरंगित किया गया





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली की पवित्र भूमि पर मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक ज्ञान रत्नों से लाभान्वित होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित हुए। भक्तिमय रचनाओं की श्रृंखला ने पावन व भक्ति तरंगों से प्रत्येक तन, मन और आत्मा को तरंगित किया।गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक व संचालक, डीजेजेएस) के प्रचारक शिष्यों ने भक्तों के जीवन से अनेक प्रेरणादायक दृष्टांतों का उल्लेख किया। वर्तमान स्थिति पर रोशनी डालते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि जीवन की इस तेज़ गति में लोग अत्यधिक व्यस्त हो गए हैं। वे अपनी दिनचर्या में इतने खो गए हैं कि उन्हें इस बात का आभास ही नहीं है कि समय उनके हाथ से लगातार धीरे-धीरे फिसल रहा है। भाग दौड़ भरी ज़िन्दगी की उथल पुथल में उन्हें अपनी आत्मा की आवाज़ सुनाई नहीं देती, जो भीतर से उन्हें यह संदेश देती है कि थोड़ी देर रुककर, इस मायावी दुनिया से विलग होकर, स्व में स्थित होना सीखें। यदि यह प्रश्न हमारे सामने रखा जाए कि हम अपने जीवन में कहाँ जा रहे हैं? तो, उत्तर यही होगा कि धीरे-धीरे हम सब मृत्यु की ओर बढ़ रहे हैं। इस यात्रा का अंतिम पड़ाव, जिसे ÷मृत्यु÷ कहा जाता है, वहां हम इस दुनिया से एक सिक्का भी नहीं ले जा सकते। सब कुछ, सारे रिश्ते पीछे छूट जायेंगे। साथ यदि कुछ जाएगी, तो केवल हमारे द्वारा कमाई गई आध्यात्मिक पूंजी।आध्यात्मिक विचारों ने उपस्थित भक्तों और गणमान्य अतिथियों को जीवन के वास्तविक गंतव्य की ओर बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उन्हें गुरु के मार्ग पर निरंतर चलते रहने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान साधना और सबके आत्मकल्याण हेतु प्रार्थना द्वारा किया गया।

# जनक हास्पीटल को जान बूझकर परेशान कर रहे सी.एच.एम.ओ.



**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक अच्छे हास्पीटल का पंजीयन एक सीएचएमओ ने जान बूझकर अपने रिलीव होने से पहले निरस्त कर दिया। हास्पीटल संचालक उनकी अवैध मांग को पूरी नहीं कर सका था।ज्ञांतव्य है कि ग्वालियर में जिंसी नाला नंबर-2 पर डा. श्री प्रकाश लोहिया एवं उनकी पत्नी डा. वीरा लोहिया का जनक हास्पीटल स्थित है। इस हास्पीटल की विशेषता यह है कि इसमें मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की अनाप शनाप वसूली नहीं होती और ईमानदारी से चिकित्सक अपना चिकित्सीय धर्म निभाते हैं। इसकी ओपनिंग भी भाजपा के ही दिग्गज नेताओं ने की थी, जिसमे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा से लेकर पूर्व स्व. सांसद विजय खंडेलवाल, अशोक अर्गल, डा. रामलखन सिंह कुशवाह, नंदू भैया, अनूप मिश्रा सहित भाजपा के अनेक विधायक आदि शामिल हुये थे।

कोरोना काल में भी जब मरीज इलाज के लिये भटक रहे थे तब दिल खोलकर डा. लोहिया व उनकी टीम ने जनक हास्पीटल में भरपूर सेवा की थी और कई मरीजों से पैसे न होने पर फ्री इलाज किया। आक्सीजन तक की भी निरंतर आपूर्ति बनाये रखी थी। लेकिन अब तबादले की लिस्ट में आये सीएचएमओ डा. मनीष शर्मा ने उनके ही हास्पीटल का पंजीयन निरस्त कर उनको करारा झटका दिया हैं। डा. मनीष शर्मा काफी दिनों से उन्हें परेशान भी कर रहे थे। ग्वालियर में डा. मनीष शर्मा ने ईमानदारी से चिकित्सीय धर्म निभाने वाले हास्पीटलों को ज्यादा ही परेशान किया है, क्योंकि यह उनकी कई ऐसी वैसी मांगों को अनसुना कर रहे थे।कोरोना काल का घोटाला उजागर हों: भदौरियाभाजपा नेता व एडवोकेट पूरन सिंह भदौरिया ने जनक हास्पीटल का पंजीयन निरस्त करने पर टिप्पणी देकर कहा है कि कोरोना काल में सीएचएमओ स्तर पर जमकर घोटाले किये गये हैं, जिसकी जांच होनी चाहिये। भदौरिया ने कई दो पहिया वाहनों के नंबर लिखकर चार पहिया वाहनों के नाम पर व्यापक गड़बड़िया की गई हैं।

# कांग्रेस के आरोप पत्र में शिवराज सरकार की 19 साल का लेखाजोखा



ग्वालियर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा को आज कांग्रेस जिला स्तरीय आरोप समिति के संयोजक अमर सिंह माहौर ने सभी सदस्यों के साथ भाजपा के खिलाफ चार पृष्ठीय आरोप पत्र प्रस्तुत किया।अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि कांग्रेस की जिला स्तरीय आरोप समिति ने भाजपा की 9 साल मोदी सरकार की असफलता, मप्र की शिवराज सरकार की 19 साल की विफलता एवं भाजपा नगर निगम का 57 साल का लेखाजोखा, महंगाई, बेरोजगारी, टूटी सड़कें, गंदगी के ढेर, बिगड़ती यातायात व्यवस्था, अपराध, अमृत योजना, प्रोजेक्ट उदय में घोटाला, आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती में घोटाला, ऊर्जा मंत्री द्वारा ग्वालियर से किया गया विश्वासघात, हजीरा मंडी एवं किलागेट से सेवानगर तक मकानों की तोड़फोड, मुरार नदी की सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार और शासकीय जमीन पर कब्जा करने जैसे मुद्दों को शामिल किया है। शहर अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा को आज आरोप समिति के संयोजक अमर सिंह माहौर, पूर्व नेताप्रतिपक्ष कृष्णराव दीक्षित, पार्षद पीपी शर्मा, शिवा तोमर, आविद नकबी, पियुश जेन ने आरोप समिति के द्वारा चार पृष्ठीय आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा, जेएच जाफरी, रशीद पहलवान, संजय राठौर, संजीव दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## मोदीजी के नेतृत्व में हुये विकास कार्य की जानकारी जनता तक पहुंचा रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता विवेक शेजवलकर

**ग्वालियर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार के सफलतम् 9 वर्ष पूर्ण होने पर विशिष्ट जनसंपर्क अभियान चल रहा है। इसमें भाजपा कार्यकर्ता मा. मोदी जी के नेतृत्व में हुये विकास कार्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचा रहे हैं। यह बात आज विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के पांचवे दिन की शुरूआत करते हुये सांसद विवेक शेजवलकर ने की।

पूर्व जिलाध्यक्ष एवं महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा क्षेत्र के संयोजक कमल माखीजानी ने कहा कि यह विशिष्ट जनसंपर्क अभियान 20 जून तक चलेगा। 21 जून से 30 जून तक भाजपा कार्यकर्ता संसदीय क्षेत्र के हर घर पहुंचेगें। 21 जून को योग दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी शामिल होंगे। विशेष जनसंपर्क अभियान में सांसद शेजवलकर ने सुरेश नगर थाटीपुर निवासी प्रसिद्ध उद्योगपति श्री गोपाल दास लड्ढा, थाटीपुर निवासी प्रसिद्ध खगोलषास्त्री एवं ज्योतिषाचार्य बृजेन्द्र श्रीवास्तव तथा पाम रेसिडेंसी सिटी सेंटर निवासी सुप्रसिद्ध कवियत्री श्रीमती रष्मि सबा , प्रसिद्ध व्यवसायी पीताम्बर लोकवानी, चंद्र कुमार फुलवधिया, अनिल नथानी, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज गुलाटी एवं उद्योगपति, चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल से मुलाकात की। इस अवसर पर महाजनसंपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक कमल माखीजानी, स्वदेश के प्रबंध संचालक यशवर्धन जैन, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद खंडेलवाल, मण्डल अध्यक्ष शिवसिंह यादव रमाकांत महते, पार्षद संजय सिंघल, पार्षद अपर्णा पाटील रवि पांडे, विवेक भार्गव, अजय द्विवेदी, सूरज ऐशवार, उदय अग्रवाल उपस्थित थे।



## सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की दो इकाइयों ने 234 दिन सतत् विद्युत उत्पादन का बनाया रिकार्ड



ग्वालियर7 मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत गृह क्रमांक 4 की 250-250 मेगावाट स्थापित क्षमता की इकाई क्रमांक 10 व 11 ने 6 जून को 234 दिन अनवरत विद्युत उत्पादन करते हुए सर्वाधिक दिन अनवरत संचालन का रिकार्ड बनाया। पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में पहली बार किसी इकाई ने 234 दिन अनवरत विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है। इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना खंडवा की इकाई क्रमांक एक ने 233 दिन अनवरत विद्युत उत्पादन का रिकार्ड कायम किया था। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250-250 मेगावाट की दोनों इकाईयाँ 15 अक्टूबर 2022 से लगातार संचालित हो कर विद्युत उत्पादन कर रही हैं।250-250 मेगावाट की दोनों इकाइयों ने संचालन के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्लांट अबेबिलिटि फेक्टर (पीएएफ), प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) और ऑक्जलरी कंजम्पशन जैसे मापदंडों में विशिष्टता अर्जितकी। विद्युत गृह क्रमांक 4 की 250 मेगावाट स्थापित क्षमता की इकाई क्रमांक 10 ने 101.07 प्रतिशत पीएएफ, 97.8 प्रतिशत पीएलएफ और 7.73 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत अर्जित की। वहीं इकाई क्रमांक 11 ने 101.5 प्रतिशत पीएएफ, 98.1 प्रतिशत पीएलएफ और 7.91 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत अर्जित की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की इकाई क्रमांक 10 व 11 द्वारा लगातार 234 दिन विद्युत उत्पादन के कीर्तिमान बनाने पर समस्त अभियंताओं एवं कार्मिकों को बधाई दी है।

# लोक निर्माण पीआईयू में 223 नवीन पद स्वीकृत, पदनाम में भी बदलाव




ग्वालियर7 राज्य शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई सुदृढ़ीकरण करने के लिए 223 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही तकनीकी अमले के पद नाम परिर्वतन भी किये गये है।प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह ने बताया कि राज्य शासन द्वारा परियोजना क्रियान्वयन इकाई की कार्य-प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए मुख्य अभियंता स्तर से डाटा एन्ट्री आपरेटर तक 223 नवीन पदों की स्वीकृति दी गई है। इन पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही विभागीय भर्ती नियमानुसार संविदा/गेट पीईबी के माध्यम से की जाएगी।

परियोजना क्रियान्वयन इकाई के तकनीकी अमले की नवीन पदनाम व्यवस्था में परियोजना संचालक को प्रमुख अभियंता, अतिरिक्त परियोजना संचालक को मुख्य अभियंता, संयुक्त परियोजना संचालक को अधीक्षक यंत्री, संभागीय परियोजना यंत्री को कार्यपालन यंत्री, परियोजना यंत्री को सहायक यंत्री और सहायक परियोजना यंत्री को उप यंत्री भवन के नाम से जाना जाएगा।

# लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 51 पौधे रोपे गए

शताब्दीपुरम की ए ब्लॉक फेज 1 में लायंस क्लब ग्वालियर द्वारा 51 पौधों का श्रृंगार धरती मां की गोद में किया गया7 यह पौधे फलदार एवं छायादार प्रजाति के हैं जिसमें गुड़हल, सीताफल, अमरुद, जामुन, पीपल आदि शामिल हैं7कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष लॉयन अनुपम तिवारी ने देते हुए बताया कि शताब्दीपुरम के रहवासियों की तीन पीढ़ियों को वहां पर शामिल किया गया एवं सबसे युवा पीढ़ी को वृक्ष मित्र बनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि लगाए गए पौधों के नाम एक मित्र के रूप में वह रख सकें और प्रतिदिन सुबह-शाम उस रोपे गए पौधे से मिलने अवश्य आएं7 साथ ही बुजुर्ग पीढ़ी को भी शामिल किया गया, ताकि को सुबह और शाम के वक्त साथ में घूमते समय पौधों की सुरक्षा का ध्यान रख सकें7 लायन सुमेर सिंह राठौड़ क्लब् पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे7 कार्यक्रम के संयोजक लायन राघवेंद्र अवस्थी एवं प्रभारी उपाध्यक्ष लायन रामकरण पारीक थे7 कार्यक्रम में लॉयन समीर अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, लॉयन मंगेश इंदुलकर, लायन सतेंद्र शुक्ला, लॉयन मनोज राजपाल, लॉयन दीपक अग्रवाल, लायन गिर्राज बिंदल आदि सदस्य उपस्थित थे 7



# उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ग्वालियर आए



ग्वालियर। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी आज सायं ग्वालियर आये। राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पर प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र ने उनकी अगवानी की।मंगलवार शाम 5.40 बजे उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे सेन्ट्रल पार्क होटल आये। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्र, मंत्री प्रभुराम चैधरी, ग्वालियर के प्रभारी तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उनसे भेंटकर स्वागत किया।

# भारत महान था, है और रहेगा बाला सुंदरम,योग समाज को समरस बनाता है :चाकणकर

## बालक थाटीपुर में समर कैंप का समापन



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। इतने सारे लोग अलग-अलग धर्म और अलग अलग संस्कृति के साथ अलग-अलग बात विचार और व्यवहार रखते है, मगर सब एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते है जिस वजह से मेरा देश महान था, महान है और रहेगा।।उपरोक्त उदगार प्रसिद्ध वैज्ञानिक बाला सुंदरम ने शासकीय उमावि बालक थाटीपुर में आयोजित समर कैंप के समापन के दौरान व्यक्त किए। श्री बाला सुंदरम ने कहा कि योग और आयुर्वेद का जन्मदाता भी भारत को माना जाता है। महर्षि पतंजलि द्वारा योग को बढ़ावा दिया गया और आज भारत की ही ताकत है विश्व स्तर पर योग प्रमाणिकता हासिल हुई और 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है।जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कियोग व्यक्ति को अनुशासित, विवेकी और कर्मठ बनाता है। इसका मूल उद्देश्य समाज को समरस बनाकर समाज और राष्ट की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करना है। योग पंथ या संप्रदाय केंद्रित नहीं है, बल्कि यह समस्त प्राणियों और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की सीख देता है।श्री चाकणकर ने कहा कि वेदों, उपनिषदों, स्मृतियों, पुराणों आदि में योग दर्शन के विस्तृत आयामों का वर्णन है। वैदिक काल में योग का महत्व शीर्ष पर था। रामायण और महाभारत आदि धर्मग्रंथों में योग के बारे में बताया गया है। जैन और बौद्ध धर्म में भी योग की विभिन्न शाखाओं के बारे में बताया गया है, जो वेदों और उपनिषदों से प्रेरित हैं।जिला क्रीड़ा अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि योग से हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करेंगे तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। इससे पूर्व छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना तथा शिव तांडव पर रिदमिक योगा की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। ।इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गिरीश जी, योग प्रशिक्षण केंद्र भोपाल के प्रशिक्षक श्री देवीदयाल भारती, संभागीय नोडल अधिकारी महेंद्रपाल बरैया, विकासखंड योग प्रभारी अरुण शर्मा, डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर, राजनारायण शर्मा,कृष्णपाल सिंह यादव, योग प्रशिक्षक आरबी गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक अनंत पांडे, विमला पांडे सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड योग प्रभारी गोविंद मेहरोत्रा ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य केपी नायक द्वारा किया गया।इस अवसर पर संभागीय नोडल अधिकारी महेंद्रपाल बरैया ने सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट देने की घोषणा की। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478